cmyk
वर्ष : 18 अंक: 121 | ग्वालियर
सोमवार 02 जून 2025
पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित
# चम्बल सुर्खी
उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

# शाह बोले- पहलगाम हमला हुआ तो ममता बनर्जी चुप रहीं:अब ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहीं

## ताकि मुस्लिम वोट बैंक को खुश कर सकें

कोलकाता ।(ए.)

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कोलकाता में कहा- ममता बनर्जी मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर और वक्फ संशोधन एक्ट का विरोध कर रही हैं। ममता ऐसा करके देश की माताओं और बहनों का अपमान कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनाव में राज्य की माताएं और बहनें ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना करने के लिए CM ममता और TMC को सबक सिखाएंगी।**



दो दिन के पश्चिम बंगाल दौरे के पहले दिन शाह ने विजय संकल्प कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा- जब पहलगाम आतंकी हमले में बंगाल के पर्यटक मारे गए, तब ममता बनर्जी चुप रहीं। मुर्शिदाबाद दंगा राज्य प्रायोजित था। गृह मंत्रालय ने यहां BSF की तैनाती की बात कही थी, लेकिन ममता सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया, जिससे हिंसा जारी रहे।

### सांप्रदायिक दंगों में 3 लोगों की मौत हुई

शाह ने कहा कि वक्फ संशोधन एक्ट को लेकर मुर्शिदाबाद में हुए दंगों में TMC के कई सीनियर लीडर शामिल थे। दंगों में 3 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। ममता बनर्जी तुष्टीकरण की राजनीति के लिए कानून के खिलाफ हैं। शाह ने कहा कि टीएमसी बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने बांग्लादेशियों के लिए बंगाल की सीमाएं खोल दी हैं। पश्चिम बंगाल की सरकार ने क्क्स्न को आवश्यक जमीन नहीं दी है। TMC बीएसएफ को जमीन दे दे तो हम घुसपैठ रोक देंगे, लेकिन TMC ऐसा नहीं करेगी।

### शाह ने सेंट्रल फोरेंसिक साइंस लेबोरेट्री की नई बिल्डिंग का उद्घाटन किया

पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने से पहले शाह ने कोलकाता के राजारहाट में सेंट्रल फोरेंसिक साइंस लेबोरेट्री (CFSL) का उद्घाटन किया था। उन्होंने कहा- भारत सरकार एक सुरक्षित, पारदर्शी और साक्ष्य आधारित आपराधिक न्याय प्रणाली बना रही है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि अपराध रोकने वाले अपराधियों से दो कदम आगे रहें। हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली एक नए युग में प्रवेश कर रही है। केंद्र सरकार ने 2020 में तीन नए आपराधिक कानूनों - BNS, BNSS और BSA के लागू होने से बहुत पहले पहला राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (NFSU) स्थापित किया था। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि देश भर में ऐसे 8 संस्थान पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं। आठ और स्थापित करने की योजना है। हमने हर जिले में फोरेंसिक वैन स्थापित करने के लिए हर राज्य को मदद दी है। कई राज्यों ने अपनी फोरेंसिक लैब का विस्तार किया है।

## राजद ने तेजप्रताप यादव को आधिकारिक तौर पर 6 साल के लिए निष्कासित किया, कार्यालय आदेश जारी



**पटना ,ए.।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने रविवार को तेजप्रताप यादव को आधिकारिक रूप से पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। पार्टी ने इस संबंध में एक कार्यालय आदेश जारी कर इसकी जानकारी दी है। दरअसल, तेजप्रताप यादव को पार्टी से निष्कासित करने का यह आदेश राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी की ओर से जारी किया गया है। आदेश में कहा गया, राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश के आलोक में तेजप्रताप यादव को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित किया जाता है। इससे पहले, राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट के माध्यम से तेजप्रताप यादव को पार्टी से निकाले जाने के बारे में जानकारी दी थी। लालू प्रसाद ने 25 मई को अपने एक्स हैंडल पर लिखा था, निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया जाता है।

उन्होंने आगे कहा था, अपने निजी जीवन का भला-बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सार्वजनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है।

पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव पहले से शादीशुदा हैं। तेजप्रताप यादव की शादी ऐश्वर्या राय से हुई थी। हालांकि, दोनों के बीच तलाक का मामला अभी कोर्ट में चल रहा है। ऐसे में अचानक एक महिला के साथ तेजप्रताप की तस्वीर वायरल होने के बाद खलबली मच गई थी और उसके बाद लालू ने उन्हें पार्टी और परिवार से बेदखल कर दिया।

## एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी बोलीं-मैंने समाधि में कल्कि अवतार देखा: डेढ़ करोड़ की कार से संभल पहुंचीं; गले में रुद्राक्ष की मालाएं

**संभल ( ए. )** संभल बॉलीवुड अभिनेत्री और किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर ममता कुलकर्णी रविवार को पहली बार संभल पहुंचीं। उन्होंने कहा- जब मैंने समाधि ली थी, तब कल्कि अवतार देखा था। वे अमर हैं, कई वर्षों से सह्याद्रि पर्वत पर तपस्या कर रहे हैं। ममता सुबह 11 बजे दिल्ली से करीब डेढ़ करोड़ की कार से कल्कि धाम पहुंचीं। यहां पुजारियों ने मंत्रोच्चारण के साथ उनका स्वागत किया। कार से उतरते ही पुजारियों ने



उन्हें पीले रंग का पटका पहनाया और फूल बरसाए। इसके बाद ममता ने कल्कि धाम में मुख्य यजमान के रूप में शिलापूजन किया। इस दौरान उन्होंने खुद भी मंत्रोच्चार किया। उन्होंने गले में रुद्राक्ष की कई मालाएं पहन रखी थीं।

ममता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- %आज समुद्र मंथन की तरह कलियुग भी देव-असुर और धर्म-अधर्म की लड़ाई पर टिका है। धर्म का पालन करने वाले कुछ लोगों के कारण समय अभी ठीक है, लेकिन जब धर्म नष्ट हो जाएगा, तब कलियुग चरम पर होगा। हमने प्रकृति को नष्ट कर दिया है। अब उसका खामियाजा भुगत रहे हैं।


## श्रीगंगानगर में एयर स्ट्राइक, बाड़मेर में ड्रोन हमले की मॉकड्रिल: फलोदी में घंटों धूप में तपते रहे बच्चे, बॉर्डर के जिलों से रिपोटर्स की आंखों देखी

**राजस्थान** से श्रीगंगानगर में शाम को एयर स्ट्राइक की सूचना मिली। 10 मिनट में अधिकारी वहां पहुंच गए और पूरे इलाके को बंद कर दिया। बाड़मेर में सूचना मिली कि ड्रोन के हवाई हमले में दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। बीकानेर में एक घायल को छत से रेस्क्यू किया जा रहा था, लेकिन डर के कारण उसने नीचे आने से मना कर दिया। फलोदी में अफसरों की लापरवाही के कारण एनसीसी और स्काउट के मासूम बच्चे साढ़े तीन घंटे तक तपती धूप में खड़े रहे। जैसलमेर में कंट्रोल रूम से एयर अटैक की सूचना मिलते ही पूरा सिस्टम अलर्ट मोड में आ गया। राजस्थान के बॉर्डर वाले जिलों में ये सबकुछ हुआ शनिवार को युद्ध की मॉकड्रिल और ब्लैकआउट के दौरान। राजस्थान और पाकिस्तान बॉर्डर के 5 जिलों में 5 भास्कर रिपोर्टर मॉक ड्रिल के दौरान तैनात रहे।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- डांटना आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं:कोई नहीं सोच सकता कि ऐसी घटना हो सकती है; आरोपी हॉस्टल वार्डन बरी

नई दिल्ली (ए.)

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी को डांटना उसे सुसाइड के लिए उकसाना नहीं माना जा सकता। इसके साथ ही कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया। जिसमें हॉस्टल वार्डन को ढ्ढक्कष्ट की धारी 306 के तहत स्टूडेंट को सुसाइड के लिए उकसाने का दोषी माना था। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा- कोई यह नहीं सोच भी नहीं सकता कि डांटने से ऐसी घटना हो सकती है। दरअसल, वार्डन ने एक स्टूडेंट की



शिकायत पर एक अन्य स्टूडेंट को डांट लगाई थी। इसके बाद स्टूडेंट ने अपने कमरे में फांसी लगा ली थी। वार्डन का तर्क था कि उसने पैरेंट के तौर पर स्टूडेंट को डांटा था, जिससे वो आगे से गलती न करे।

## मणिपुर में नई सरकार पर भाजपा में सहमति बनी

### पूर्व CM बीरेन सिंह बैठक में शामिल नहीं हुए, 7 कुकी-जो विधायक भी दूर रहे

इंफाल (ए.)।

जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में नई सरकार बनाने की कवायद तेज हो गई है। भाजपा के 27 विधायकों ने 30 मई को बैठक की थी। इसमें नई सरकार बनाने पर सहमति बन गई है। बैठक से पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और स्पीकर रहे सत्यव्रत सिंह को दूर रखा गया था। बैठक में बीरेन सिंह के खिलाफ विद्रोह करने वाले भाजपा विधायकों के साथ-साथ 9 फरवरी को सीएम पद से इस्तीफा देने तक उनका समर्थन करने वाले विधायक भी



शामिल थे। एक विधायक ने बताया कि बीरेन सिंह को नहीं बुलाया गया था। बैठक के बाद विधायकों ने बयान जारी कर कहा है कि सरकार गठन की दिशा में काम करने के लिए व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को अलग रखने का संकल्प लिया गया है। मणिपुर विधानसभा में 60 सदस्य हैं। इनमें भाजपा के 37 विधायक हैं। इनमें से सात कुकी-जो समुदाय से हैं जोकि बैठक में शामिल नहीं हुए थे।

## राहुल गांधी कभी प्रधानमंत्री नहीं बन सकते : बृजभूषण शरण सिंह

**अमृतसर ,ए.।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के ऑपरेशन सिंदूर की जांच की मांग वाले बयान पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कांग्रेस पर देश के खिलाफ बोलने और पाकिस्तान को खुश करने का आरोप लगाया।

बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक ऐतिहासिक और सफल सैन्य अभियान था, जिसने पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। भारतीय सेना ने अजहर मसूद जैसे आतंकवादियों के ठिकानों को



निशाना बनाया, जिससे पाकिस्तान में हाहाकार मच गया। यह सत्य है कि युद्ध में दोनों पक्षों को नुकसान होता है, लेकिन इस ऑपरेशन में भारत को कोई जनहानि नहीं हुई, जबकि पाकिस्तान को भारी नुकसान उठाना पड़ा। कम से कम 10 और 90 का अंतर है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर निशाना साधते हुए बृजभूषण शरण सिंह ने कहा, कांग्रेसियों का मन पहले से ही देश के खिलाफ है। उनके बयान से पाकिस्तान में खुशी की लहर दौड़ती है। जांच इस बात की होनी चाहिए कि कांग्रेस ने देश का बंटवारा क्यों किया, मुसलमानों के लिए अलग देश क्यों बनाया गया? नेहरू ने सेना को क्यों वापस बुलाया? 1971 में 92 हजार पाकिस्तानी सैनिकों को बिना शर्त क्यों छोड़ दिया गया? विपक्ष को पाकिस्तान के नुकसान पर बोलना चाहिए, न कि भारत की कमियां गिनानी चाहिए।

## आर्मी अफसर की याचिका खारिज, बर्खास्तगी का आदेश बरकरार:दिल्ली हाईकोर्ट बोला- सेना में अनुशासन ही सब कुछ; अफसर धर्म की वजह से परेड नहीं जाता था

नई दिल्ली(ए.)

दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय सेना के एक अधिकारी की बर्खास्तगी को सही ठहराया है, जिसे धार्मिक परेड में हिस्सा न लेने के कारण 2017 में सेवा से हटा दिया गया था। अधिकारी सैमुअल कमलेसन ने यह कहते हुए परेड में शामिल होने से इनकार कर दिया था कि वे ईसाई धर्म से हैं। कमलेसन ने कोर्ट में याचिका दायर कर बर्खास्तगी को चुनौती दी थी। उन्होंने पेंशन और ग्रेच्युटी की मांग के साथ नौकरी पर दोबारा बहाल करने की अपील की थी। लेकिन 30 मई को जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस शालिंदर कौर की पीठ ने सेना के फैसले को बरकरार रखा। कमलेसन का व्यवहार




सेना के सेक्युलर सिद्धांतों के खिलाफ कमलेसन मार्च 2017 में 3ह्रस्र कैवेलरी रेजिमेंट में लेफ्टिनेंट पद पर भर्ती हुए थे। उन्हें बी स्क्वाड्रन का ट्रूप लीडर बनाया गया था, जिसमें अधिकतर सिख जवान शामिल थे। कमलेसन ने अपनी याचिका में कहा कि उनकी रेजिमेंट में मंदिर और गुरुद्वारा तो है, लेकिन सभी धर्मों के लिए कोई सर्व धर्म स्थल नहीं था, और न ही चर्च मौजूद था। इस पर कोर्ट ने कहा कि भले ही कुछ रेजिमेंटों के नाम या परंपराएं किसी धर्म या क्षेत्र से जुड़ी हों, लेकिन इससे सेना का सेक्युलर चरित्र कमजोर नहीं होता। कोर्ट ने यह भी माना कि सेना में कई बार युद्ध घोषणाएं (वार क्राई) धार्मिक लग सकती हैं, लेकिन उनका मकसद सिर्फ जोश और एकता बढ़ाना होता है। कोर्ट ने कहा- सेना के आदेश को न मानना अनुशासनहीनता है कोर्ट ने यह भी कहा कि कमलेसन ने अपने धर्म को अपने सीनियर अधिकारी के वैध आदेश से ऊपर रखा, जो कि सेना में अनुशासनहीनता मानी जाती है।

## भगवान जगन्नाथ के रथ में सुखोई जेट के टायर लगाए-कोलकाता इस्कॉन ने 48 साल बाद पहिए बदले

**रथयात्रा( ए. )** । 27 जून से शुरू होगी कोलकाता इस्कॉन की फेमस भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के रथ के पहियों को 48 साल बाद बदला गया है। इस बार रथ में रूसी सुखोई जेट के टायर लगाए जा रहे हैं। फाइटर जेट की टेकऑफ स्पीड 280 किमी/घंटा तक होती है। हालांकि, रथ 1.4 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगा। इस्कॉन कोलकाता ने बताया कि पिछले कई सालों से रथ को चलाने में समस्या आ रही थी। आयोजक 15 सालों से नए टायर की तलाश में थे। बोइंग विमान के पुराने टायरों का इस्तेमाल किया जा था, लेकिन अब वे बाजार




में मिलने मुश्किल हो रहे हैं। इसके बाद आयोजकों ने सुखोई जेट के टायरों को रथ में लगाने का फैसला किया, क्योंकि इसका व्यास (डायमीटर) बोइंग के टायरों से मिलता-जुलता है। मैनेजमेंट ने कंपनी से सुखोई के 4 टायर खरीदे हैं।


### मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव का कड़ा एक्शन

## मध्यप्रदेश पुलिस में बड़े पैमाने पर तबादले: 10 वरिष्ठ अधिकारियों के नए पदस्थापना आदेश जारी

**भोपाल,ब्यूरो।** मध्यप्रदेश सरकार ने राज्य पुलिस बल में व्यापक फेरबदल करते हुए 10 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के तबादले और नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 01 जून 2025 को प्रभावी हो गए हैं। आदेश के अनुसार, श्री प्रमोद वर्मा (2001 बैच) को पुलिस महानिरीक्षक, सागर जोन से पुलिस महानिरीक्षक, जबलपुर जोन बनाया गया है। श्री सुशांत कुमार सक्सेना (2005 बैच) को पुलिस महानिरीक्षक, चंबल जोन, मुरैना से पुलिस महानिरीक्षक (एटीसी/टी), पुलिस मुख्यालय, भोपाल स्थानांतरित किया गया है। श्री चंद्रशेखर सोलंकी (2006 बैच) को पुलिस महानिरीक्षक इंदौर, से पुलिस महानिरीक्षक, सागर जोन और अतिरिक्त प्रभारी निदेशक जे.एन.पी.ए., सागर नियुक्त किया गया है। इसी तरह, श्री सचिन कुमार अतुलकर (2007 बैच) को उप पुलिस महानिरीक्षक/ पुलिस महानिरीक्षक छिंदवाड़ा एवं अतिरिक्त प्रभार जबलपुर जोन, पुलिस महानिदेशक चंबल जोन, बनाया गया है। श्री कुमार सौरभ (2007 बैच) को उप पुलिस महानिरीक्षक,



**सचिन कुमार अतुलकर होंगे आईजी चंबल**



**श्री सुनील कुमार जैन होंगे डीआईजी चम्बल**

चंबल रेज, मुरैना से उप पुलिस महानिरीक्षक (अजाक), पुलिस मुख्यालय, भोपाल नियुक्त किया गया है। श्री सुनिल कुमार जैन (2009 बैच) को उप पुलिस महानिरीक्षक, सागर रेज से उप पुलिस महानिरीक्षक, चंबल रेज, मुरैना बनाया गया है। श्री वीरेंद्र कुमार मिश्रा (2012 बैच) को पुलिस अधीक्षक, दतिया से सहायक पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय, भोपाल स्थानांतरित किया गया है। श्री सुरज वर्मा (2013 बैच) को सेनानी, प्रथम वाहिनी, इंदौर से पुलिस अधीक्षक, दतिया नियुक्त किया गया है। श्री अभिजीत रंजन (2014 बैच) को पुलिस अधीक्षक, कटनी से सहायक पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय, भोपाल बनाया गया है। अंत में, श्री अमिताभ विश्वकर्मा (2019 बैच) को पुलिस उपायुक्त (जोन-2), नगर पुलिस जिला, इंदौर से पुलिस अधीक्षक, कटनी नियुक्त किया गया है। यह तबादला आदेश मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग द्वारा जारी किया गया है, जिसकी प्रति भारत सरकार, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली, अपर मुख्य सचिव, म.प्र., और सचिव (गोपनीय) म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग को भेजी गई है। तबादले के इस कदम से पुलिस प्रशासन में नए जोश और कार्यक्षमता आने की उम्मीद है।

# रक्तदान हमारा सामाजिक उत्तरदायित्व है- सीईओ श्री गुर्जर

## रेडक्रॉस एवं भारत विकास का रक्तदान शिविर संपन्न, 62 यूनिट रक्त का संग्रहण, भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में रक्तदान जागरूकता अभियान के क्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी श्योपुर और भारत विकास परिषद द्वारा विजय विलास रिसोर्ट पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 62 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिको का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा भी रक्तदान किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने थैलेसीमिया पीड़ितों के सहायतार्थ आयोजित रक्तदान शिविर एवं भूतपूर्व सैनिको के सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान की इतनी तरक्की के बाद भी खून का कोई विकल्प नहीं बन पाया है इसकी पूर्ति मानव शरीर में निर्मित रक्त से ही संभव है। आपके द्वारा किए गए रक्तदान से पीड़ित व्यक्ति को जीवनदान तो मिलता ही है उसके पूरे परिवार को भी खुशी की अनुभूति होती है रक्तदान हमारा सामाजिक उत्तरदायित्व है हम सबको नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने रक्तदान शिविरों की आयोजक संस्थाओं की सराहना करते हुए कहा की इस तरह के शिविरों से आम जन में रक्तदान के प्रति व्याप्त भ्रान्तियों का निवारण होता है और स्वैच्छिक रक्तदान की प्रेरणा जाग्रत होती है। उन्होंने कहा कि इस गरिमामय समारोह में आकर मैं स्वयं बहुत अभिभूत हूं और आज स्वयं भी रक्तदान कर रहा हूं। जिला पंचायत के सीईओ ने कहा कि रक्तदान जागरूकता अभियान को ग्रामीण और पंचायत स्तर पर पहुंचाने में जिला पंचायत हर संभव मदद के लिए आपके साथ है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत विकास परिषद के अध्यक्ष एवं रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव तथा जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल ने रक्तदान के प्रति व्याप्त भ्रान्तियों का निवारण करते हुए कहा कि रक्तदान से किसी भी तरह की कोई कमजोरी नहीं आती है बल्कि नए खून का तेजी से निर्माण होता है रक्तदान में केवल पांच या सात मिनट का समय लगता है। रक्तदान के बाद दानदाता अपने रुटीन के सब काम कर सकता है। डॉ गोयल ने रक्तदान जागरूकता अभियान से जुड़ी संस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि इन लगने वाले शिविरों से प्राप्त रक्त ब्लड बैंक की व्यवस्था में बहुत सहायक होता है। रक्तदान जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी देते हुए रक्तदान जागरूकता अभियान के संयोजक एवं पुष्पा श्री फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री अरुण ओसवाल ने बताया कि स्वर्गीय मुकेश गुप्ता की स्मृति में पुष्पा श्री फाउंडेशन एवं स्व मुकेश गुप्ता स्मृति सेवा न्यास द्वारा सन 2005 से प्रारंभ किए गए रक्तदान जागरूकता अभियान से जुड़ी 140 से अधिक संस्थाओं के सहयोग से गत वर्ष ब्लड बैंक से 5000 यूनिट रक्त की आपूर्ति संभव हो सकी है। श्री ओसवाल ने बताया श्योपुर जिले में 70 मरीज थैलेसीमिया पीड़ित है जिन्हें कुछ को महीने में दो बार कुछ को एक बार नियमित रूप से रक्त चढ़ाया जाता है थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए ही प्रति माह सो से सवा सौ यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है जिसे आप जैसे स्वैच्छिक रक्तदान दाताओं के सहयोग से पूरा किया जाता है, रक्तदान जागरूकता अभियान के परिणामस्वरूप है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी रक्तदान के प्रति व्याप्त भ्रांतियों का निवारण होकर शिविरों के आयोजन हो रहे हैं। श्री ओसवाल ने कहा कि प्रथम रक्तदान शिविर से अब तक जुड़े सभी रक्तदानियों एवं सहयोगी संस्थाओं के आत्मीय सहयोग से ही 21 वर्ष पूर्व की गई एक छोटी सी पहल आज आंदोलन का स्वरूप ले रही है। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के प्रांतीय अधिकारी श्री सुरेश अग्रवाल, सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल, श्री महावीर गुप्ता, श्री अरूण ओसवाल मंचासीन रहें। इसके साथ ही भारत स्काउट एवं गाइड के संरक्षक श्री चोथमल सर्राफ, भारत स्काउट एवं गाइड के सचिव श्री रोशन लाल गर्ग, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएन सक्सेना, पार्षद श्री राजेन्द्र मित्तल, श्री मनोज सर्राफ, श्री भूरे सिंह कुशवाह, श्री राजकुमार शर्मा, श्री नकुल जैन, श्री मोहन दत्त शर्मा, श्री राजबहादुर सिंह मारू, श्री सखावत गोरी सहित सहयोगी संस्थाओं के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री राजेश खण्डेलवाल द्वारा किया गया, मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गायन के साथ हुआ तथा समापन राष्ट्गान के साथ सपंन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि श्री गुर्जर को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया।

**भूतपूर्व सैनिको का सम्मान**

थैलेसीमिया पीड़ितों के सहायतार्थ आयोजित रक्तदान शिविर एवं भूतपूर्व सैनिको के सम्मान समारोह के दौरान भूतपूर्व सैनिकों कैप्टीन श्री राजेश सिंह, सूबेदार श्री महेन्द्र सिंह, नायब सूबेदार श्री रामनाथ आर्य, हवलदार श्री तैय्यब अली, नायक श्री मांगीलाल शर्मा, हवलदार श्री जगदीश शर्मा, सिपाही श्री कादर अली, हवलदार श्री रामकरण शर्मा एवं श्री मांगीलाल फौजी को शाल एवं मोतियों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत किसानों को दी जानकारी



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत गठित टीमों द्वारा किसानों को गांव-गांव जाकर खेती, किसानी की उन्नत तकनीको एवं नवाचारों से अवगत कराया जा रहा है। कृषि वैज्ञानिक डॉ कायम सिंह ने बताया कि इसी क्रम में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कृषि विज्ञान केन्द्र बड़ौदा के वैज्ञानिको सहित कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों तथा प्रगतिशील कृषको, एफपीओ के प्रतिनिधियों की टीम द्वारा विकासखण्ड श्योपुर के ग्राम माखनखेडली, दलारनाकलां एवं बडौदाराम में पहुंचकर 348 किसानों के मध्य मध्यप्रदेश शासन के द्वारा चलाई जा रही किसान हितेषी योजनाओं एवं कृषि की उन्नत तकनीकी को विस्तार से समझाया गया। विकासखण्ड कराहल के दल द्वारा ग्राम कालीतलाई कलमी एवं ककरधा में पहुंचकर 114 किसानों को जानकारी प्रदान की गई। इसी प्रकार विकासखण्ड विजयपुर के दल द्वारा ग्राम अगरा, पैरा पालपुर एवं शाहपुरा ग्रामों के मध्य पहुंचकर 177 किसानों को योजनाओं के संबंध में अवगत कराया गया और खरीफ फसल की विभिन्न किस्मो सहित फसलो के विविधिकरण एवं रासायनिक खाद के संतुलित उपयोग की जानकारी देते हुए प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही किसानों को मिट्टी परीक्षण एवं उसके महत्व, नरवाई न जलानें एवं उससे होने वाले नुकसान को विस्तार से समझाया गया, वही फसलों की उन्नत तकनीकी के माध्यम से ज्वार, बाजरा, मक्का, तिल जैसी फसलों के उत्पादन की सलाह दी गई।

**सोमवार को इन ग्रामों में पहुंचेगी टीमें**

श्योपुर विकासखण्ड की टीम द्वारा 02 जून को ग्राम जावदेश्वर, जैनी एवं मानपुर में भ्रमण कर जानकारी प्रदान की जायेगी। विकासखण्ड कराहल की टीम 02 जून को गोरस, पिपरानी एवं करॉई का भ्रमण करेंगी। इसी प्रकार विजयपुर विकासखण्ड की टीम इकलौद, लाडपुरा एवं लोहसगानी में किसानों को खेती की नवीन तकनीकी तथा उन्नत फसलों के संबंध में अवगत करायेगी।

# आदर्श आवासीय विद्यालय में रिक्त सीटो के लिए प्रवेश हेतु आवेदन 14 जून तक

**श्योपुर ब्यूरो।** जनजातीय कार्य विभाग अतंर्गत संचालित विशिष्ट आवासीय संस्था शासकीय आदर्श आवासीय विद्यालय ढेगदा श्योपुर में सत्र 2025-26 हेतु अनुसूचित जनजाति छात्रो के लिए विभिन्न कक्षाओं में रिक्त सीटो पर प्रवेश के लिए 14 जून तक आवेदन आमंत्रित किये गये है। प्राचार्य विद्यालय ने बताया कि विद्यालय की कक्षा 6 में प्रवेश प्रक्रिया राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से संपन्न होगी, जबकि कक्षा 7 की रिक्त 15, कक्षा 8 की रिक्त 06, कक्षा 9 की रिक्त 07 तथा कक्षा 11 की रिक्त 22 सीटो पर प्रवेश की प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर ऑफलाइन परीक्षा के माध्यम से की जायेगी। इन कक्षाओं के प्रवेश के लिए जनजातीय वर्ग के इच्छुक विद्यार्थी 14 जून तक विद्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

# जमी पर घर बनाया है, मगर जन्नत में रहते है, हमारी खुशनसीबी है कि हम भारत में रहते है

## मेला रंगमंच पर अखिल भारतीय मुशायरे का आयोजन संपन्न



**श्योपुर ब्यूरो।** नगरपालिका श्योपुर के तत्वाधान में संचालित मेला श्री हजारेश्वर महादेव के दौरान बीती रात मेला रंगमंच पर अखिल भारतीय मुशायरे का भव्य एवं गरिमामयी आयोजन संपन्न हुआ। सुबह तडके तक प्रसिद्ध शायरों की गजलो, नज्मो ने श्रोताओं को बांधे रखा। मुशायरा सुनने के लिए बडी संख्या में लोग पहुंचे थे। मेला रंगमंच पर अखिल भारतीय मुशायरे का शुभारंभ मध्यप्रदेश हज कमेटी के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा श्री रफत वारसी ने मुख्य आतिथ्य के रूप में दीप प्रज्ज्वलन कर किया, इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, पूर्व विधायक श्री बृजराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री कैलाश नारायण गुप्ता, मेला समिति अध्यक्ष श्रीमती नाथी बाई, श्री सुजीत गर्ग आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें। मुम्बई से आये मशहूर शायर मेहशर आफरीदी ने अपने इस कलाम पर खूब दाद हासिल की, उन्होने कहा कि जमी पर घर बनाया है, मगर जन्नत में रहते है। हमारी खुशनसीबी है कि हम भारत में रहते है। अखिल भारतीय मुशायरे के दौरान प्रसिद्ध शायर मीसम गोपालपुरी ने देशभक्ति की अलख जगाते हुए कहा कि गुलशने हिंद को सींचा है लहू से हमने, बीज नफरत के किसी को नही बोने देंगे। जिस्म के कितने ही हो जायें टुकडे हम कभी मुल्क के टुकडे नही होने देंगे। संचालन कर रहे मशहूर शायर अबरार काशिफ ने कहा कि मेरा अरमा मेरी ख्वाहिश नही है, ये दुनिया मेरी फरमाइश नही है। मैं तेरे ख्वाब वापस कर रहा हूॅं, मेरी आंखो में गुंजाइश नही है। मशहूर शायरा मुमताज नसीम का अंदाजे बयां कुछ इस तरह रहा, कई साल बाद मिले हो तुम कहा खो गये थे जवाब दों। मेरे आसूओं को न पोंछो, तुम मेरे आसूओं का हिसाब दों। निकहत अमरोही ने अपना कलाम प्रस्तुत करते हुए कहा कि मुरझाये कोई फूल तो गुलदान रो पडें, एक शख्स मारा जाये तो संतान रो पडे। ऐसी फजा बनाओ मेरे देशवासियों, हिन्दु का घर जले तो मुसलमान रो पडें। खुर्शीद हैदर ने कहा कि गैर परो पर उड सकते है हद से हद दीवारों तक। अंबर पर तो वही उडेंगे, जिनके अपने पर होंगे। सज्जाद झंझट ने कहा कि मेरी इस दूसरी बीबी प मुझको हिदायत एक रिश्तेदार की है। परेशॉ क्यो हो मत घबराओ झंझट, शरीयत में इजाजत चार की है। शकील आजमी ने कहा कि गुजरता है मिरा हर दिन, मगर पूरा नही होता। मैं चलता जा रहा हूॅं और सफर पूरा नही होता। खुदा भी खूब है, भगवान की मूरत भी सुंदर है, मगर जब मॉ नही होती, तो घर पूरा नही होता। वसीस राजूपुरी, रफीक कुरैर्शी ने भी अपने कलाम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# कन्या परिसर में रिक्त सीटो के लिए प्रवेश परीक्षा 10 जून को कक्षा 6 में प्रवेश ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के आधार पर मिलेगा

**श्योपुर ब्यूरो।** जनजातीय कार्य विभाग अतंर्गत संचालित विशिष्ट आवासीय संस्था कन्या शिक्षा परिसर ढेगदा श्योपुर में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6वी में राज्य स्तरीय ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर मिलेगा, जबकि कक्षा 7 से कक्षा 12 तक की कक्षाओं में रिक्त सीटो के लिए ऑफलाइन प्रवेश परीक्षा 10 जून को आयोजित की जायेगी। प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर सुश्री कामिनी पाठक ने बताया कि विद्यालय की कक्षा 6 में रिक्त 70 सीटो के लिए प्रवेश की प्रक्रिया ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से संपन्न होगी, जबकि विद्यालय की कक्षा 7 से कक्षा 12 तक की रिक्त सीटो पर प्रवेश के लिए विद्यालय द्वारा 10 जून को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। उन्होने बताया कि कक्षा 7 एवं 8 में 5-5, कक्षा 9 में 45, कक्षा 10 में 42, कक्षा 11 में 62 तथा कक्षा 12 में 54 सीटे रिक्त है। अधिक जानकारी के लिए विद्यालय के शिक्षक श्री संजय बालोठिया मो.न. 9977205630, श्री कौशल शर्मा मो.न. 7089209620, श्री प्रभाष कुमार जैन मो.न. 9752168916 एवं श्री रविकांत कलावत मो.न. 7987464972 से संपर्क किया जा सकता है।

# संभागयुक्त ने राजस्व प्रकरणों एवं निर्माण कार्यो में गति लाने के दिए निर्देश

## नलजल योजना की समीक्षा करते हुए दिए निर्देश



**दतिया ब्यूरो।** विगत दिवस ग्वालियर संभाग के आयुक्त श्री मनोज खत्री ने न्यू कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं राजस्व संबधी अधिकारियों की बैठक लेकर सख्त निर्देश दिए कि जिले में शासन के निर्देशों का नियमानुसार पालन करते हुए समय सीमा में बटवारा, नामांतरण, सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि जिस तहसील में प्रकरण लंबित पाए जाऐगे उन अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। संभागायुक्त श्री खत्री ने कहा कि शासन की मंशानुसार आम नागरिकों एवं किसानों भाईयों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि मेरे पास किसी भी प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त न हो। उन्होंने मैदानी राजस्व अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए कि यदि मेरे पास किसी प्रकार की कोई शिकायत आई तो संबधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही नियमानुसार की जाएगी। संभागायुक्त श्री खत्री ने जिला पंचायत सीईओ को निर्देश दिए कि वह वह डिप्टी कलेक्टरों की सभी तहसीलों के निरीक्षण की टीम का गठन कर जानकारी प्राप्त करें कि जिन तहसीलों में कितने प्रकरण कितने दिनों और किन कारणों से लंबित पड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई प्रकरण 6 महीनों अथवा इसका ज्यादा समय का कोई प्रकरण सामने आता है तो उन संबधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफकार्यवाही प्रस्तावित करें। संभागायुक्त श्री खत्री ने जिला पंचायत सीईओ को निर्देश दिए कि जिन पंचायतों में निर्माण कार्य चल रहे है उन निर्माण कार्यो में तीव्रगति लाए, यदि कोई कार्य करने में अथवा समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कर पा रहा तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि पंचायत में सचिव, रोजगार सहायक समय सीमा पर नहीं पहुंचते है तो उन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नलजल योजना के तहत हर गांव में जाकर निरीक्षण करें, चिन्हित करें कि जो काम एचसी ने अधूरे डाले हो उन ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करें। बैठक में अपर कलेक्टर श्री नीरज शर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री भरत कुमार सहित जिला पंचायत अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# थाना कम्पू पुलिस ने फ़ायरिंग रेंज से कार सवार चार बदमाषों को दो पिस्टल व चार जिंदा राउण्ड तथा दो तलवार सहित किया गिरफ्तार




**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह (भापुसे) के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने व खरीद फरोख्त करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(मध्य) श्रीमती सुमन गुर्जर ने अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को अपने थाना क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर रेंडम चेकिंग कर अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार सीएसपी इन्दरगंज रोबिन जैन के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कम्पू निरीक्षक मदन मोहन मालवीय के द्वारा थाना बल की टीम को क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग हेतु लगाया गया। दौराने इलाका भ्रमण दिनांक 31.05.2025 को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि फायरिंग रेन्ज अबाड़पुरा तरफएक आईसुजु गाड़ी में बाहर से आये कुछ संदिग्ध लोग हथियार लिए अपराध घटित करने की नियत से उसमें बैठे हैं। मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम फायरिंग रेन्ज पर पहुँचे तो उक्त गाड़ी में बैठे लोग पुलिस की गाड़ी को आता देख भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें घेरकर पकड़ा और वाहन से नीचे उतारकर उनसे पूछताछ की तो एक ने निवासी होतन भगत राम जिला मानसा पंजाब, दूसरे संदिग्ध ने निवासी बप्पीयाना जिला मानसा पंजाब तीसरे ने निवासी साना वली जिला मानसा पंजाब तथा चौथे ने निवासी हुड़त भगत राम जिला मानसा पंजाब का होना बताया। पकड़े गये संदिग्धों की तलाशी लेने पर पहले संदिग्ध की कमर में बाये तरफ एक पिस्टल खुरसी मिली तथा एक जिन्दा राउण्ड मिला तथा दूसरे की तलाषी में एक पिस्टल कमर में बांयी तरफ खुरसी मिली व एक जिन्दा राउण्ड मिला तथा तीसरे की तलाषी में एक तलवार लोहे की मिली तथा कुर्ता की बांयी जेब से एक जिन्दा राउण्ड मिला एवं चौथे की तलाषी में एक तलवार तथा कुर्ता की की जेब से एक जिन्दा राउण्ड मिला। थाना कम्पू पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपीगणों का यह कृत्य धारा 25,27,25 बी आर्म्स एक्ट का घटित होना सिद्ध पाये जाने से थाना कम्पू में अप0क्र0 203/25 पंजीबद्ध कर आरोपीगणों को पृथक-पृथक गिरफ्तार कर दो पिस्टल, 04 जिन्दा राउण्ड, दो तलवार व एक आईसुजु गाड़ी जप्त की जाकर अवैध हथियार सहित एकत्रित होने के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

**जप्त हथियार व कार:-** जप्तशुदा दो पिस्टल मय 04 जिन्दा राउण्ड एवं दो तलवार धारदार तथा एक आईसुजु गाड़ी बिना नम्बर प्लेट की जप्त की गई कुल जप्त मषरूका कीमती लगभग 10 लाख 25 हजार रूपये।

**सराहनीय भूमिका:-** थाना प्रभारी कम्पू निरीक्षक मदन मोहन मालवीय, सउनि गोपाल सिंह, प्रआर. धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, आर. हितेन्द्र शर्मा, आर. वीरभान सिंह, आर. समीम खान, आर. अनुज जाट, आर. राकेष रावत की सराहनीय भूमिका रही।

# जिला पंचायत सीईओ को मिला कलेक्टर का अतिरिक्त प्रभार

**दतिया,कांस।** मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन श्री अनुराग जैन ने आदेश जारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया श्री अक्षय कुमार तेम्रवाल को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक कलेक्टर दतिया का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# विद्यालयों में ईको क्लब के माध्यम से व्यापक स्तर पर चलाया जायेगा पौध रोपण अभियान

## स्कूल शिक्षा विभाग आगामी सीजन में 50 लाख पौधों का करेगा रोपण

## विद्यालयों में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के रूप में चलेगा अभियान

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के विद्यालयों में 5 जून से ईको क्लब के माध्यम से व्यापक स्तर पर पौध रोपण अभियान चलाने का निर्णय लिया है। यह अभियान प्रदेश में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के नाम से चलाने का फैसला किया गया है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक को पत्र लिखकर निर्देश जारी किये हैं। प्रत्येक जिले में अभियान के दौरान एक लाख पौधों का रोपण करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में विद्यार्थियों की भागीदारी से 30 सितम्बर तक 50 लाख पौधे रोपे जायेंगे।

**पौध रोपण का उद्देश्य**

व्यापक स्तर पर पौध रोपण का उद्देश्य बच्चों और युवा पीढ़ी को सतत् विकास के प्रति संवेदनशील बनाने और प्रकृति को हरा-भरा बनाने में सक्रिय भागीदार बनाना है। यह अभियान मातृत्व की भावना का सम्मान करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना भी है। पौध रोपण में स्थानीय और क्षेत्रीय प्रजातियों के पौधे लगाने को प्राथमिकता दी जायेगी। अभियान के दौरान बच्चों को पौधों की किस्मों और उनके फायदे की जानकारी भी साझा की जायेगी।

**क्रियान्वयन की रणनीति**

जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों, ग्राम में उपलब्ध्भूमि एवं विद्यालय की छात्र संख्या के अनुसार कार्ययोजना बनाने के लिये कहा गया है। जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठन करने को कहा गया है। समिति में वनमंडल अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, स्कूल प्राचार्य, समाज के प्रमुख नागरिकों को शामिल करने के लिये कहा गया है। समिति के नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सहायक नोडल अधिकारी होंगे। पौध रोपण की तैयारी 4 जून तक करने के लिये कहा गया है। पौध रोपण मुख्य रूप से स्कूल परिसर, स्कूल तक जाने वाली सड़क, सार्वजनिक स्थल और अमृत सरोवर के आस-पास किया जायेगा। पौध रोपण के बाद उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी तय किये जाने के लिये कहा गया है।

ग्रीष्म अवकाश के बाद 15 जून से बच्चों को प्रात~ सभा के समय पौधों के महत्व के बारे में बताने के लिये कहा गया है। लगाये गये पौधों के साथ एक पट्टिका होगी, जिसमें विद्यार्थी और उसकी माता का नाम भी अंकित किया जायेगा। प्रत्येक वृक्ष प्रजाति के लिये एक क्यू-आर कोड भी बनाया जा सकता है, जिससे बॉटनिकल जानकारी का डिजिटली प्रसार हो सकेगा। जिला स्तर पर कक्षा 9 से 12 के विद्यालयों में संपूर्ण कार्यक्रम के क्रियान्वयन का सुपरविजन का दायित्व जिला शिक्षा अधिकारी को और कक्षा 6 से 8 तक के विद्यालयों में कार्यक्रम की निगरानी का कार्य जिला परियोजना समन्वय जिला शिक्षा केन्द्र को सौंपा गया है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतर्राष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस पर बच्चों के ऊज्वल भविष्य ह्यह्यह्यह्यकी कामना की

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतर्राष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस पर सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस सभी नागरिकों को बच्चों का भविष्य उज्जवल होने, उन्हें स्नेह और सहयोग के साथ समानता के अवसर उपलब्ध करने के लिए प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर प्रदेशवासियों से शोषण, अपराध, मजदूरी और

# श्री राम कथा के साथ 21 कुण्डीय महायज्ञ में उमड़ रहे हैं श्रद्धालु

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)




बीरपुर।बीरपुर में खदान वाले हनुमानजी मंदिर पर चल रही संगीतमय श्री राम कथा के पांचवे दिन कथावाचक श्री चतुर्भुज शास्त्री ने भगवान श्री राम सीता विवाह उत्सव की कथा सुनाई।इस अवसर पर भगवान की विभिन्न प्रकार की झांकियां प्रदर्शित की गई।कथा प्रांगण में 21 हवन कुंड बनाए गए हैं जिनमें रोजाना 21 परिवार हवन कुंड में आहुति करते हैं। यज्ञ आचार्य श्री विष्णु हरदेनिया के निर्देशन में रोजाना 21 हवन कुंड पर पति पत्नी परिवार के साथ बैठते हैं।उन्हें विधि विधान पूजा अर्चना के साथ मंत्र उच्चारण कर आहुति दिलाते हैं। श्री आचार्य जी का कहना है इसमें कोई भी परिवार आकर आहुति दे सकता है। जन कल्याण अपने परिवार एवं ग्राम समाज का भला करने हेतु यह पुण्य कार्य किया जा रहा है। कथावाचक पंडित श्री चतुर्भुज शास्त्री हाल निवास जयपुर के मुखारविंद से संगीतमय श्री राम कथा सुनाई जा रही है जिसमें सैकड़ो की संख्या में दूर-दूर से भक्त अपनी आस्था लेकर हनुमान जी महाराज के दर्शनों के साथ यज्ञशाला के दर्शन करने आ रहे हैं। श्री रामदास जी महाराज का कहना हैं यह हमारा सातवां विश्व कल्याणर्थ 21 कुंडी श्री राम महायज्ञ है।

# जिले में लगातार बढ़ रही है शक्ति दीदियों की संख्या, 7 और जरूरतमंद महिलाएँ बनी 'शक्ति दीदी'

**कलेक्टर श्रीमती चौहान ने दो पेट्रोल पंपों पर 3 महिलाओं को बनाया शक्ति दीदी**

**अब तक जिले की 52 जरूरतमंद महिलायें बन चुकी हैं शक्ति दीदी**

**महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने कलेक्टर श्रीमती चौहान ने किया है शक्ति दीदी नवाचार**



**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में शक्ति दीदियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। रविवार एक जून को 7 और जरूरतमंद महिलाएँ शक्ति दीदी बनाई गईं। इन सभी महिलाओं ने जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी संभाल ली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिये ग्वालियर जिले में ÷शक्ति दीदी÷ के नाम से कलेक्टर श्रीमती चौहान ने नवाचार किया है। जिसके तहत जरूरतमंद महिलाओं को फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में पेट्रोल पंपों पर नौकरी दिलाकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। जिले में कुल मिलाकर अब तक 52 जरूरतमंद महिलायें विभिन्न पेट्रोल पंपों पर शक्ति दीदी के रूप में काम कर रही हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने रविवार को गदाईपुरा स्थित रामजानकी फ्यूल पेट्रोल पंप पर सुश्री अनीता कुशवाह व सुश्री रानी गौर को व सिंहपुर रोड बारादरी मुरार स्थित माँ पेट्रोलियम पंप पर सुश्री कविता रूरया को ÷शक्ति दीदी÷ की जिम्मेदारी सौंपी। इसी तरह भिण्ड रोड गोला का मंदिर स्थित पटेल एण्ड संस पेट्रोल पंप पर एडीएम श्री टी एन सिंह ने सुश्री पूजा ओझा व सुश्री सोना देवी को शक्ति दीदी की जिम्मेदारी सौंपी। इसके अलावा अरूं तिराहा डबरा स्थित ओम फिलिंग स्टेशन पर सुश्री रंजना सोनी व सुश्री रीता बाथम को फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में ÷शक्ति दीदी÷ की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला प्रशासन द्वारा ऐसी महिलाओं को शक्ति दीदी पहल के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, जो जरूरतमंद हैं या जिनके पति का निधन हो चुका है अथवा अपनों ने साथ छोड़ दिया है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए कि शक्ति दीदियों का विशेष ध्यान रखें और उन्हें प्रावधानों के अनुसार मानदेय व सुविधायें प्रदान की जाएं। उन्होंने थाना प्रभारी को भी निर्देश दिए कि जिन पेट्रोल पंप पर शक्ति दीदी तैनात हैं उन पर लगातार गश्त करते रहें। साथ ही एसडीएम, तहसीलदार पुलिस अधिकारी, पेट्रोल पंप संचालक एवं शक्ति दीदियों को शामिल कर एक वॉट्सएप ग्रुप में नई शक्ति दीदियों को जोड़ें। कलेक्टर ने जिलेवासियों से आह्वान किया है कि वे पेट्रोल पंप पर अपने वाहनों में डीजल पेट्रोल भरवाते समय शक्ति दीदियों के प्रति सम्मान का भाव रखें। साथ ही उनकी हौसला अफजाई भी करें। पेट्रोल पंप पर शक्ति दीदी सुविधाजनक तरीके से काम कर सकें। इसके लिये उनके कार्य का समय प्रातः 9 बजे से सायंकाल 5 बजे तक रखा गया है।

**शक्ति दीदी बनने के लिये महिलाएँ यहाँ कर सकती हैं संपर्क**

शक्ति दीदी बनकर फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में पेट्रोल पंपों पर काम करने की इच्छुक महिलायें कलेक्ट्रेट स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास अथवा अपने नजदीकी बाल विकास परियोजना कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं। साथ ही कलेक्ट्रेट स्थित खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के कार्यालय में भी इसके लिये संपर्क किया जा सकता है।

# समग्र आईडी की ई-केवायसी अवश्य करायें

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश शासन की समस्त जन कल्याणकारी पेंशनधारी का लाभ प्राप्त करने के लिए पंजीकृत हितग्राहियों की समग्र पोर्टल पर आधार ईकेवाईसी करना अनिवार्य होगा। नगर निगम सीमांतर्गत सभी नागरिक अपनी समग्र आईडी को आधार से ई-केवायसी अवश्य करायें। निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जन कल्याणकारी योजनाओं में आधार आधारित भुगतान के लिए शासन द्वारा निर्देशित किया गया है। जिसमें विशेष रूप से ऐसे व्यक्ति जिन्हें 600 रूपये प्रतिमाह सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्ध, कल्याणी, निशक्त, परित्यक्ता को प्रतिमाह प्राप्त होती है, यदि आपके द्वारा ई केवायसी नहीं किया गया है। तो शीघ्र ही नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर, लोकसेवा केन्द्र, एमपी ऑनलाइन एवं नगर निगम ग्वालियर के कार्यालय में पहुंचकर करा सकते हैं। जिससे कि प्रतिमाह प्राप्त पेंशन का नियमित रूप से भुगतान जारी रहे। समग्र पोर्टल में नागरिकों के समग्र आई.डी. को आधार के साथ शत-प्रतिशत ई-केवायसी पूर्ण करायें। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त क्षेत्राधिकारी इस हेतु संबंधित राजस्व कर संग्रहक, समग्र ऑपरेटर, संयुक्त प्रयास करें। क्षेत्राधिकारी दल का निर्माण कर लोगो को समस्त योजनाओं के लाभ में इसकी प्राथमिकता का प्रचार-प्रसार करे। राजस्व टी.सी. एवं समग्र ऑपरेटर पोर्टल पर दर्ज समस्त प्रकार के अनुरोध, जिसमें परिवार विभाजन, नाम जोडने, परिवार आई.डी., समग्र ई-केवायसी, पता परिवर्तन एवं समग्र आई.डी. स्थानान्तरण को तत्काल स्वीकार एवं निराकृत करे।

## होर्डिंग स्ट्रेक्चर एवं यूनीपोल के स्ट्रैक्चरों का करायें संधारण कार्य

**ग्वालियर।** निजी भवन, भूमि स्वामी एवं विज्ञापन ऐजेन्सियों के द्वारा होर्डिंग स्ट्रेक्चर, यूनीपोल, फ्लेक्स इत्यादि द्वारा विज्ञापन किया जा रहा है। एसे स्ट्रैक्चरों का संधारण कार्य आवश्यक रूप से करा कर विज्ञापन शाखा को अवगत करायें। उपायुक्त विज्ञापन शाखा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार नगर निगम ग्वालियर सीमा अन्तर्गत समस्त निजी भवन, भूमि स्वामी एवं विज्ञापन ऐजेन्सियों के द्वारा होर्डिंग स्ट्रेक्चर, यूनीपोल, फ्लेक्स इत्यादि द्वारा विज्ञापन का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो चुका है जिसमें तेज हवायें, आंधी, बारिश के कारण कोई दुर्घटना न हो इस बावत समस्त भूमि भवन स्वामी, विज्ञापनकर्ता ऐजेन्सी जिन के भवन पर लोहे के स्ट्रैक्चर, अन्य प्रकार के स्ट्रैक्चर के माध्यम से होर्डिंग, भूमि पर यूनिपोल लगा कर विज्ञापन किया जा रहा है। ये स्ट्रैक्चरों का संधारण कार्य आवश्यक रूप से तत्काल कराकर विज्ञापन शाखा को अवगत कराना सुनिश्चित करें। यदि आपदा में किसी प्रकार की कोई दुर्घटना होती तो निजी भवन, भूमि स्वामी एवं विज्ञापनकर्ता ऐजेन्सीयों की जबाबदेही होगी।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक में मराठी संस्कृति की झलकियों के साथ हुआ भारतीय भाषा समर कैंप का समापन



**ग्वालियर।** स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और शिक्षा मंत्रालय ने एनसीईआरटी के माध्यम से केंद्रीय विद्यालयों सहित भारत के सभी विद्यालयों में भारतीय भाषा समर कैंप (बीबीएससी) के आयोजन की पहल की है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप है, जिसमें कहा गया है : देश का प्रत्येक छात्र कक्षा 6-8 में एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के तहत भारत की भाषाओं पर एक मजेदार परियोजना/गतिविधि में भाग लेगा। भारतीय भाषा समर कैंप कार्यक्रम छात्रों को एक और भारतीय भाषा सीखने के लिए प्रोत्साहित करने और उन्हें उनकी मातृभाषा या शिक्षण माध्यम के अलावा किसी अन्य भारतीय भाषा में बुनियादी संचार कौशल से लैस करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इन शिविर की कुल अवधि 7 दिनों तक कुल 28 घंटे की होगी। इसे गर्मियों की छुट्टियों के दौरान आयोजित किया जा रहा है।इस समर कैम्प में पूर्व निर्धारित सात दिवसीय गतिविधियों के अनुसार छात्रों ने पहले ही दिन से मराठी भाषा में पूरी रुचि के साथ सहभागिता की।

बच्चों के अभिभावकों ने इन गतिविधियों में बच्चों का साथ दिया और अपना कीमती समय निकाल कर बच्चों को विद्यालय भेजा। छात्रों ने शिविर में मराठी भाषा की बुनियादी बातें, संख्या ज्ञान ,अभिवादन, स्व परिचय, दैनिक जीवन में वार्तालाप का अभ्यास, महाराष्ट्र की लोक संस्कृति, लोक कला वर्ली आर्ट तथा महाराष्ट्र के पारंपरिक व्यंजनों की जानकारी, फल- सब्जियों के नाम, विविध प्रकार के व्यंजन बनाने की विधि, मराठी भाषा के देशभक्ति गीत, कविताएं ,महाराष्ट्र राज्य से संबंधित इतिहास, भूगोल, जलवायु, संस्कृति, मिट्टी का वर्गीकरण की जानकारी प्राप्त कीऔर वहां का लोक नृत्य सीखा। शिविर के समापन के दिन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती भारती पांडेय, प्राचार्य इंटर कॉलेज उपस्थित थीं। विद्यालय के प्राचार्य श्री राजेश पांडेय जी ने पुस्तक एवं पौधा भेंट कर मुख्य अतिथि का हरित स्वागत किया।छात्रों ने मुख्य अतिथि के समक्ष अपनी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि श्रीमती भारती पांडेय ने छात्रों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए और शिविर सभी प्रतिभागी छात्रों को आशीर्वचन से सम्बोधित किया। उन्होंने कहा - बच्चे तो सभी योग्य होते हैं लेकिन जो बच्चे विभिन्न गतिविधियों में स्वेच्छा से हिस्सा लेते हैं वह अपने जीवन में कुछ अतिरिक्त और विशेष फल प्राप्त करते हैं।। कार्यक्रम की प्रतिभागी वेदिका कक्षा 7 वीं ई का कहना था कि- सर प्लीज! इस कैंप को और कुछ दिन लगाइए क्योंकि इससे हमारी व्यवस्थित दिनचर्या तो हुई,साथ ही हमें ऐसा लगा जैसे हम इतने दिन से महाराष्ट्र में ही घूम रहे हैं। अंत में प्राचार्य श्री राजेश पांडेय जी ने मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों का धन्यवाद किया और कहा विद्यालय का कोई भी कार्यक्रम अभिभावकों के सहयोग के बिना पूर्ण नहीं हो सकता। साथ ही बच्चों से मातृभाषा को अच्छे से सीखने के साथ एक से अधिक अन्य भाषा सीखने की आदत अपने जीवन में बनाने को कहा।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने शहर को स्वच्छ, प्रदूषण मुक्त व हरा-भरा बनाने के लिये की प्रेरणादायी पहल

**एक माह तक एसी में नहीं, टेंट में पंखे के बीच गुजारेंगे रात, ई-स्कूटी से चलकर शहरवासियों को वायु प्रदूषण रोकने का देंगे संदेश**

**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर को स्वच्छ, प्रदूषण मुक्त और हरा-भरा बनाने के लिये ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विशेष पहल की है। एयर कंडीशनर (एसी) के अंधाधुंध इस्तेमाल से बड़े पैमाने पर पैदा हो रहे हानिकारक कार्बनडाइ ऑक्साइड उत्सर्जन के प्रति शहरवासियों को सजग व सचेत करने के उद्देश्य से ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने रात में सोते समय एक माह तक एसी का उपयोग न करने का फैसला किया है। श्री तोमर उपनगर ग्वालियर में कांचमिल स्थित अपने निवास के सामने वाले पार्क में टेंट लगाकर पंखे के सहारे रात गुजारेंगे। उन्होंने यह कदम पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया है। मंत्री श्री तोमर ग्वालियर ही नहीं, भोपाल अथवा अन्य शहरों के प्रवास के दौरान भी पंखे के बीच ही रात गुजारेंगे। उन्होंने शहरवासियों को वाहनों से फैलने वाले प्रदूषण के प्रति सजग करने के लिये स्वयं एक माह तक ई-स्कूटी से चलने का फैसला भी लिया है। साथ ही शहरवासियों से अपील की है कि वे इस पुनीत पहल में शामिल होकर शहर को प्रदूषण मुक्त व साफ-सुथरा बनाने के लिये आगे आएं। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर सोते समय एसी का इस्तेमाल न करने के निर्णय के पीछे के कारणों को बताते हुए कहते हैं कि ग्वालियर शहर की लगभग 15 लाख की आबादी में करीबन एक लाख लोग एसी का इस्तेमाल करते हैं। यदि ग्वालियर शहरवासी हर दिन मात्र एक घंटे एसी न चलाएँ तो हर दिन लगभग 167 टन और हर महीने करीबन 5010 टन कार्बनडाइ ऑक्साइड का उत्सर्जन कम किया जा सकता है। इससे शहर की आवोहवा में उल्लेखनीय सुधार होगा। इसलिए उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि वे प्रतिदिन एक घंटे एसी न चलाने का संकल्प लें। इससे हर दिन शहर में 167 टन और महीने भर में 5010 टन कार्बनडाइ ऑक्साइड का उत्सर्जन कम होगा। यह पहल अपने शहर को प्रदूषण मुक्त करने में बड़ी मदद करेगी और आने वाली पीढ़ियों को बेहतर पर्यावरण हम उपलब्ध करा पायेंगे। श्री तोमर विशेषज्ञों द्वारा किए गए अध्ययन के आधार पर बताते हैं कि लगभग डेढ़ टन का स्पिलिट एसी एक मध्यम आकार के कमरे को ठंडा करने के लिये हर दिन लगभग 8 घंटे इस्तेमाल होता है। इससे करीबन 14.4 यूनिट बिजली खर्च होती है। इस प्रकार एक माह में लगभग 432 यूनिट एक एसी के इस्तेमाल पर खर्च हो जाती है। इतनी बिजली बनाने में करीबन 384 किलोग्राम कोयला खर्च होता है। एक माह में 8 घंटे तक चले एक एसी से मानव शरीर के लिये हानिकारक लगभग 401 किलोग्राम कार्बनडाइ ऑक्साइड का उत्सर्जन होता है।

**आदतों में छोटे-छोटे बदलाव लाकर शहर को स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त बनाने में बनें सहभागी**

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपनी आदतों में छोटे-छोटे बदलाव लाकर शहर को साफ-सुथरा एवं प्रदूषण मुक्त बनाने में सहभागी बनें। श्री तोमर ने आग्रह किया है कि थोड़ी – बहुत दूरी को साइकिल अथवा पैदल चलकर तय करने को अपनी आदत में शुमार करें। बिजली - पानी की बचत करें। प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें। यदि हम ऐसा कर पाए तो निश्चित ही हमारी धरा स्वच्छ, सुरक्षित व हरी-भरी होगी।

# पूरी भव्यता के साथ इस साल भी होगा वीरांगना लक्ष्मीबाई बलिदान मेले का आयोजन

**बलिदान मेले के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री श्री पवैया की मौजूदगी में मेले की तैयारियों को लेकर हुई बैठक, कलेक्टर श्रीमती चौहान ने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में सभी व्यवस्थायें करने के दिए निर्देश**



**ग्वालियर।** ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर में 26वाँ वीरांगना लक्ष्मीबाई बलिदान मेला पूरी भव्यता एवं गरिमा के साथ आयोजित होगा। ग्वालियर में 17 एवं 18 जून को लक्ष्मीबाई की समाधि के सामने स्थित मैदान में यह मेला लगेगा। वीरांगना लक्ष्मीबाई बलिदान मेला के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया की मौजूदगी में मेले की तैयारियों को लेकर रविवार को व्हीआईपी सर्किट हाउस में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सभी संबंधित अधिकारियों को बलिदान मेले से संबंधित सभी व्यवस्थायें उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, एडीएम श्री टी एन सिंह, अपर आयुक्त नगर निगम श्री मुनीष सिकरवार, एसडीएम झांसी रोड श्री अतुल सिंह व एसडीएम मुरार श्री नरेश कुमार गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में जानकारी दी गई कि वीरांगना लक्ष्मीबाई बलिदान मेले के पहले दिन यानि 17 जून को झांसी से चलकर आई शहीद ज्योति यात्रा सायंकाल 6 बजे ग्वालियर पहुँचेगी। गाँधी उद्यान फूलबाग से वीरांगना लक्ष्मीबाई की समाधि तक सजीव झांकियों के साथ पदयात्रा के रूप में यह ज्योति यात्रा पहुँचेगी। इस दिन नगर निगम व स्वराज संस्थान मध्यप्रदेश शासन द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का उदघाटन भी होगा। साथ ही शहर के नागरिकों द्वारा समाधि स्थल पर पारंपरिक ढंग से दीपदान भी इस दिन किया जायेगा। बलिदान मेले के दूसरे दिन यानि 18 जून को प्रातःकाल सर्वदलीय श्रृद्धांजलि सभा नगर निगम के तत्वावधान में आयोजित होगी। इस दिन सांध्य बेला में 7 बजे बलिदान मेला मैदान पर महानाट्य ÷खूब लड़ी मर्दानी÷ का मंचन होगा। इसके बाद प्रमुख समारोह में वीरांगना सम्मान, क्रांतिवीर परिजन व शहीद परिजन सम्मान प्रदान किए जायेंगे। अतिथियों के उदबोधन के पश्चात बलिदान मेले में हर साल की तरह अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा।

# नया बाजार में अज्ञात व्यक्ति की पत्थर पटककर हत्या करने वाले आरोपी को थाना कम्पू पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** सूचनाकर्ता अभिषेक तोमर पुत्र राजवीर सिंह तोमर उम्र 39 साल निवासी ग्राम जल का नगरा थाना अम्बाह जिला मुरैना हाल रामवाटिका के पास गोविन्दपुरी ग्वालियर ने थाना कम्पू में सूचना दी थी कि वह परख अल्ट्रा साऊण्ड नया बाजार कम्पू में काम करता है और दिनांक 30.05.25 के सुबह करीब 07.30 बजे वह परख अल्ट्रा साऊण्ड पर काम पर आया था तो देखा कि एक व्यक्ति जिसकी उम्र करीबन 45 वर्ष जिसके सिर में चोट है और आसपास खून पड़ा हुआ है का शव परख अल्ट्रासाउण्ड नया बाजार के शटर के बाहर पड़ा है। उक्त सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर जाकर तस्दीक उपरान्त थाना कम्पू में मर्ग क्र 24/25 कायम किया गया। जांच उपरान्त व पीएम रिपोर्ट के आधार पर पाया गया कि उक्त अज्ञात मृतक की मृत्यु सिर व गर्दन पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पत्थर पटक कर हत्या की गई जो प्रथम दृष्टया धारा 103 बीएनएस का घटित होना पाया जाने से थाना कम्पू में अप0क्र0 202/25 धारा 103 बीएनएस का प्रकरण अज्ञात आरोपी के खिलाफ पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त मामला संज्ञान में आने पर घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह,भापुसे द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक(मध्य) श्रीमती सुमन गुर्जर को थाना कम्पू पुलिस की टीम से उक्त प्रकरण में वांछित अज्ञात आरोपी की पतारसी कर शीघ्र गिरफ्तार कराने हेतु निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषानुसार सीएसपी इन्दरगंज श्री रोबिन जैन के कुशल मार्गदर्षन में थाना प्रभारी कम्पू निरीक्षक मदन मोहन मालवीय द्वारा थाना बल की टीम को उक्त प्रकरण के अज्ञात आरोपी की पतारसी हेतु लगाया गया। दौराने विवेचना दिनांक 31.05.2025 को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि दिनांक 30.05.2025 को नया बाजार में अज्ञात व्यक्ति की पत्थर पटक कर हत्या करने वाला संदेही नेहरू पार्क के होकर्स जोन में बैठा हुआ है। सूचना पर थाना कम्पू पुलिस की टीम को तस्दकी कर संदेही को पकड़े हेतु भेजा गया। पुलिस टीम होकर्स जोन नेहरू पार्क के पास पहुँची और अंदर जाकर देखा तो मुखबिर द्वारा बताए हुलिया का एक संदेही बैठा हुआ था जो कि पुलिस को देखकर उठ कर जाने लगा तो उसे पुलिस टीम द्वारा रोका और उससे पूछताछ की गई उसने निवासी जमालो का अखाड़ा जमन भइया की गली माधौगंज जिला ग्वालियर का होना बताया। आरोपी से उक्त घटना के संबंध में पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। थाना कम्पू पुलिस द्वारा आरोपी को अप0क्र0 202/25 धारा 103 बीएनएस में विधिवत गिरफ्तार कर आरोपी से उक्त हत्या के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है एवं थाना कम्पू पुलिस द्वारा उक्त अज्ञात मृतक की पतारसी के भी प्रयास किये जा रहे हैं जिसकी आरोपी द्वारा पत्थर पटकर हत्या की थी।

**सराहनीय भूमिका:-** थाना प्रभारी कम्पू निरीक्षक मदन मोहन मालवीय, उनि रुद्र पाठक, प्र.आर. रविकांत शर्मा, प्र.आर. हरी प्रताप सिंह चौहान, आर. शेर सिंह, आर. अजब सिंह, आर. समीम खान, आर. नवल सिंह, आर. राकेश रावत, आर. इरशाद, आर. वीरभान सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।




**प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जसवीर सिंह गुर्जर ने रिठौरा कला के मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में शामिल होकर व्यास पीठ पर विराजमान आचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया**

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने लिया संकल्प

**एक माह तक एसी और पेट्रोल-डीजल चलित वाहन का उपयोग नही करेंगे**

**भोपाल/ग्वालियर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ, प्रदूषण मुक्त और हरित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने एक माह तक एसी और पेट्रोल-डीजल चलित वाहन का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि वह एक माह तक ग्वालियर में अपने निवास के सामने स्थित पार्क में तंबू लगाकर पंखे में रात्रि विश्राम करेंगे। मंत्री श्री तोमर ग्वालियर शहर में ई-बाइक का उपयोग और बाइक चार्जिंग में सोलर एनर्जी का प्रयोग करेंगे। मंत्री श्री तोमर का यह संकल्प प्रतीकात्मक संदेश है कि आदतों में थोड़ा बदलाव भी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित कर सकता है। उन्होंने इस अभियान के अंतर्गत नागरिकों से अपील की है कि वे अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाकर प्रदूषण नियंत्रण में सहयोग करें।

**प्रदूषण : एक गंभीर समस्या**

मंत्री श्री तोमर ने कहा कि प्रदूषण का प्रभाव हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू–स्वास्थ्य, पर्यावरण और समाज–पर गहरा पड़ता है। वायु प्रदूषण से साँस संबंधी रोग, धूल और धुएँ से एलर्जी, जल प्रदूषण से डायरिया, हैजा जैसे रोग होते हैं। ध्वनि प्रदूषण से मानसिक तनाव और नींद की कमी जैसी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। प्रदूषण के कारण ओज़ोन परत को नुकसान होता है और ग्लोबल वॉर्मिंग बढ़ती है। इसका परिणाम है कि बर्फ के पहाड़ पिघलते हैं और समुद्र का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। प्रदूषण से जीवन स्तर की गुणवत्ता कम होती है, बीमारियाँ बढ़ती हैं और सामाजिक असंतुलन उत्पन्न होता है। साफ हवा, स्वच्छ पानी और सुरक्षित वातावरण का अभाव समाज में तनाव और असुरक्षा को जन्म देता है।

**एक एसी से 1 माह में 432 यूनिट बिजली की खपत और 402 कि.ग्रा. से अधिक $CO_2$ उत्सर्जन**

सामान्य घर में 1.5 टन का एसी प्रतिदिन 8 घंटे चलने पर प्रतिदिन लगभग 14.4 यूनिट बिजली की खपत होती है। इस तरह एक माह में यह खपत 432 यूनिट से अधिक होगी और इसमें 402 कि.ग्रा. कार्बन डाइआक्साइड ($CO_2$) उत्सर्जन होगा। माह में 402 किलोग्राम से अधिक $CO_2$ उत्सर्जन होगा। एक माह तक एसी का उपयोग नहीं करने पर 402 कि.ग्रा. ($CO_2$) का उत्सर्जन रोका जा सकता है।

**कार से एक वर्ष में 3600 लीटर पेट्रोल और 9360 किलोग्राम से अधिक $CO_2$ उत्सर्जन**

प्रतिदिन 150 किमी कार चलाने पर 15 किमी/लीटर माइलेज से प्रतिनिदन 10 लीटर पेट्रोल की खपत होगी। इस तरह मासिक 300 लीटर और वार्षिक खपत 3600 लीटर होगी। औसतन 1 लीटर पेट्रोल से लगभग 2.6 किग्रा $CO_2$ निकलती है। इस तरह 780 किग्रा $CO_2$ मासिक और 9360 किग्रा $CO_2$ उत्सर्जन वार्षिक होगा।

**बाइक से 1 माह में 112 लीटर पेट्रोल की खपत और 292 किग्रा $CO_2$ उत्सर्जन**

सामान्य नागरिक प्रतिदिन 150 किमी बाइक चलाये तो 40 किमी/लीटर माइलेज से प्रतिदिन 3.75 लीटर पेट्रोल की आवश्यकता होगी। इस तरह पेट्रोल की मासिक खपत 112 लीटर और $CO_2$ उत्सर्जन 292 किग्रा से अधिक होगा।

**जनसहयोग से होगा बड़ा परिवर्तन**

ग्वालियर शहर के 15 लाख नागरिकों में से 1 लाख भी प्रतिदिन एक घंटा एसी का उपयोग बंद करने का संकल्प लें, तो प्रतिदिन लगभग 167 टन और मासिक 5022 टन $CO_2$ उत्सर्जन को रोका जा सकता है। इससे हवा की स्वच्छता में सुधार होगा।

**कार्यालय अधीक्षण यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, चम्बल मण्डल मुरैना (म0प्र0)**

—00—

{ चम्बल भवन IInd फ्लोर ए.बी. रोड मुरैना ई-मेल--sereschambal@mp.gov.In }

क्र./ 338 /ग्रा.या.से./तक/25 मुरैना,दिनांक 27/05/25

//प्रेस विज्ञप्ति//

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक – 03/2025–26

निम्नलिखित कार्यों की ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदायें लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत पद्धिति से पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से दो कवर पद्धिति में ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभागीय कार्यालय | टेण्डर आई.डी. | कार्य का प्रकार | कार्यो की संख्या | निर्माण कार्यों की अनुमानित (पी.ए.सी.) लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मुरैना | 2025_RES_426632 | नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य ग्राम व ग्राम पंचायत नावली बडागांव जनपद पंचायत मुरैना | 1 | 38.28 |
| 2 | कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग भिण्ड | 2025_RES 426633 | नवीन पंचायत भवन निर्माण ग्राम एवं ग्राम पंचायत रसनोल जनपद पंचायत गोहद जिला भिण्ड | 1 | 30.85 |
| 3 | | 2025_RES_426635 | नवीन पंचायत भवन निर्माण ग्राम एवं ग्राम पंचायत अडोखर जनपद पंचायत गोहगांव जिला भिण्ड | 1 | 30.85 |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट), वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेगें। निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 07.06.2025 समय–10.00 बजे से प्रारंभ होकर, निविदा प्रपत्र क्रय एवं ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि – 23.06.2025 समय–18.00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेब साईट पर देखी जा सकती है।

संशोधन संबंधी सूचनाएं उपरोक्त वेबसाईट पर दी जावेगी।

(आर.सी.जाटव)
अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
चम्बल मण्डल मुरैना (म0प्र0)

G-13657/25

# संपादकीय

## दिमाग ठंडा मगर खून गर्म

भारत-पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम के बाद अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोहराया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने पाक व उसके आतंकवादी संचालकों को झुकने पर मजबूर कर दिया। राजस्थान के बीकानेर में रैली को संबोधित करते करते हुए उन्होंने कहा कि, 'जो लोग महिलाओं के माथे से सिंदूर पोंछने निकले थे, वे धूल में मिल गए। मोदी सीना तान कर खड़ा है, मोदी का दिमाग ठंडा है मगर खून गर्म है। उन्होंने यह भी जोड़ा, अब मेरी रगों में खून नहीं, सिंदूर दौड़ रहा है।' बीकानेर पाकिस्तान से 168 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है और पड़ोसी मुल्क के पंजाब के बहावलपुर जिले के बिल्कुल सामने है। इसलिए इस इलाके के बाशिंदों को सीमा पार से होने वाले हमलों या घसपैठियों का सीधा सामना करना पड़ता है। मोदी ने स्थानीय लोगों को परमाणु खतरों से भयभीत न होने के साथ ही पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर बात करने की भी चर्चा की। कहा जा सकता है कि मोदी ने दुश्मन देश के भीतर घुसकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि वह आंतकवाद को लेकर अपनी नीति में तब्दीली ला रहा है और मासूम देशवासियों के खून का बदला लेने में किसी की सलाह का इंतजार नहीं करने वाला। अब दिखावटी भभकियां देने का वक्त नहीं रहा। आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले दुश्मन मुल्क के सैन्य प्रतिष्ठानों पर आतंकवादी संगठनों से मिलीभगत रखने के आरोप पहले ही लगते रहे हैं। राजनीतिक अस्थिरता, लोकतंत्र पर लगने वाली खरोचें और आर्थिक ढुलमुलाहट ने पाक को भीतर से झकझोर रखा है। वह मित्र देशों के बलबूते ज्यादा देर तक भारतीय सुरक्षा बलों के समक्ष खड़ा नहीं रह सकता, इसका उसे अहसास हो चुका है। तमाम संदेहों के बावजूद मोदी के कट्टर विरोधियों ने भी इस हमले को लेकर एक सुर में अहम बताया और सुरक्षाबलों का हौसला बढ़ाने में कसर नहीं छोड़ी। लाजिमी है कि सत्ता की बागडोर संभालने वालों को संवैधानिक ढांचे का सम्मान रखते हुए सुरक्षा-व्यवस्था पर सदन में गंभीर चर्चा भी करनी चाहिए। यह किसी शख्स की जीत या हार नहीं बल्कि आतंकवाद के खिलाफ चालू हुआ ऑपरेशन कहा जा सकता है।

## आंकड़ों में ही नहीं आम जनजीवन में भी दिखना चाहिए खुशहाली

(मनोज कुमार अग्रवाल -विनायक फीचर्स)



आंकड़े बता रहे हैं कि जापान को पीछे छोड़कर भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। निःसंदेह यह ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिस पर देश के प्रत्येक नागरिक को गर्व महसूस हो रहा होगा। साथ ही चौथी अर्थव्यवस्था वाला देश बनना वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती महता को भी दर्शाता है, जो 2047 तक भारत को विकसित देश बनने की दिशा में मार्ग प्रशस्त करेगा। निःसंदेह ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार प्रशंसा की पात्र है, क्योंकि प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नीतियों के कारण देश इस बड़े मुकाम तक पहुंचा है।एक ओर हमारे देश की अर्थव्यवस्था में सुधार के यह आंकड़े पूरे विश्व का ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं वहीं बेरोजगारी, गरीबी, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन और लगातार भूख व कर्ज के कारण बढ़ती आत्महत्या की घटनाएं अर्थव्यवस्था के इस आभा मंडल को मुंह चिढ़ा रहीं हैं। देश भर में औसतन 2 लाख सालाना आत्महत्या सामने आती हैं जबकि इन मरने वालों में औसतन सालाना 16 हजार किसान सुसाइड करते हैं। अंतरराष्ट्रीय खुशहाली सूचकांक में भारत की स्थिति काफी बदतर बनी है। हालांकि 2014 में मोदी सरकार सत्ता में आयी थी, तो भारत की अर्थव्यवस्था, ऐसी उभरती अर्थव्यवस्था थी जो ग्रोथ की अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विदेशी निवेश पर बहुत ज्यादा निर्भर थीं। इनमें तुर्की, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और इंडोनेशिया शामिल थे। अब इंडिया दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बन गई है। करेंट प्राइस पर इंडिया की जीडीपी 2014 में 1,12,36,635 करोड़ थी, जो अब 4.187 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गयी है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने भी इसकी घोषणा करते हुए कहा कि भारत का विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उनकी आर्थिक सुधारों, डिजिटल परिवर्तन और समावेशी विकास के प्रति अडिग प्रतिबद्धता ने भारत को वैश्विक मंच पर प्रमुख स्थान दिलाया है। भारत ने यह मुकाम ऐसे समय में हासिल किया है, जबकि अमेरिकी टैरिफ के चलते दुनिया में हलचल है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ भी भारत की ग्रोथ को नहीं रोक सका है और न ही पाकिस्तान के साथ तनाव का भारत के आर्थिक विकास पर कोई असर पड़ा है। भारत लंबे समय से दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बना हुआ था और अब उसने जापान को पीछे छोड़ दिया है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किए गए सुधार, संघर्ष और पुनरुत्थान की कहानी है। उनका जन-हितैषी दृष्टिकोण, राजकोषीय अनुशासन और व्यवसाय समर्थक नीतियां भारत को विश्व की आर्थिक शक्ति बना रही है। यह छोटे व्यापारियों के लिए बड़े कारोबारी बनने का एक सुनहरा अवसर है, जिससे उन्हें वित्तीय अनुशासन, सशक्तिकरण और डिजिटल तकनीक को तेजी से अपनाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत ने न केवल वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं का सफलतापूर्वक सामना किया है, बल्कि दीर्घकालिक और सतत विकास की एक मजबूत नींव भी रखी है। मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, गति शक्ति और पीएलआई योजनाओं जैसे रणनीतिक अभियानों ने प्रमुख क्षेत्रों को पुनर्जीवित किया है, बुनियादी ढांचे को सशक्त किया है और रिकॉर्ड स्तर पर विदेशी निवेश को आकर्षित किया है। भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। अब भारत की अर्थव्यवस्था चार बिलियन डॉलर की हो चुकी है। अर्थव्यवस्था के आकार के मामले में इस समय भारत से आगे केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी रह गए हैं। भारत की इस तेज रफ्तार वृद्धि के पीछे निर्माण क्षेत्र की ताकत को सबसे प्रमुख माना जा रहा है। केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए निर्माण क्षेत्र में लगातार भारी व्यय किया है। सड़क मार्ग, रेल परिवहन, पोर्ट निर्माण और आवासीय भवनों के निर्माण को केंद्र सरकार ने अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है। इसका लाभ कोर सेक्टर के स्टील, सीमेंट, बिजली, तेल सहित औद्योगिक सेक्टर के 50 बड़े क्षेत्रों को मिला है। इससे साथ जुड़े अन्य सेक्टरों में भी तेज वृद्धि देखी गई है। केंद्र सरकार ने देश में लगातार निवेश का माहौल बेहतर बनाए रखा है। इसका असर हुआ है कि विदेशी निवेशकों ने यहां निवेश को अपनी प्राथमिकता बना रखा है। इससे देश के अनेक क्षेत्रों में पर्याप्त निवेश प्राप्त हुआ है और इससे इन सेक्टरों को बढ़ाने में वित्तीय मदद मिली है।

## शब्द सामर्थ्य -066

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 065 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## सू- दोकू क्र. 066

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।


**सू-दोकू क्र. 065 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## शब्द मेरे अर्थ तुम्हारे

(विवेक रंजन श्रीवास्त-विभूति फीचर्स)

कुछ किताबें होती हैं जो अपने पन्नो में गहरे अर्थ संजोए होती हैं। वे मन मस्तिष्क को मथती हैं। "शब्द मेरे अर्थ तुम्हारे" हेमन्त बावनकर की ऐसी ही कृति है। बावनकर की रचनाएँ हिंदी साहित्य में उसी पंक्ति में खड़ी दिखती हैं, जिसमें निराला की विद्रोही चेतना, धूमिल के यथार्थवाद, और अज्ञेय की आत्मपरकता ने मुक्त काव्य को अस्त्र बनाया। यह कृति निस्संदेह समकालीन हिंदी काव्य की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिस पर हिंदी जगत में विमर्श वांछित है। हेमन्त के संवेदन शील हृदय पर देश दुनियां की समकालीन सामाजिक, राजनीतिक विसंगतियों, कोरोना काल की त्रासदी, और मानवीय जिजीविषा, संवेदनाओं का मर्म स्पर्शी प्रभाव हुआ है, जिसे उन्होंने इन शब्दों में व्यक्त कर स्वयं को वेदना मुक्त किया है। भाषा की सहजता से वे पाठकों को रचना के संग बाँधते हैं। हिंदी काव्य परंपरा के साथ साम्य रखते हुए नवीन प्रयोगों को भी रचनाएं समेटती हैं। कविता ÷आजमाइश÷ में बावनकर जी लिखते हैं-




"बचपन से पढ़ा था मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना, अब किससे बैर रखना है सिखाने लगे हैं लोग।" ये पंक्तियाँ धूमिल के ÷सूनी घाटी का सूरज÷ जैसी व्यंग्यात्मक शैली की याद दिलाती हैं। "लोकतंत्र का उत्सव" जैसी कविताएँ राजनीतिक व्यवस्था पर प्रहार करती हैं, जिसमें नागार्जुन की शैली जैसी प्रखरता झलकती है। बावनकर का यह अभिव्यक्ति पक्ष हिंदी काव्य में कटाक्ष व्यंग्य की समृद्ध परंपरा को बढ़ाता है।

कोरोना काल पर केंद्रित छोटी रचनाएं जैसे "ऑक्सीज़न"और "कफन" नपे तुले शब्दों में बड़ी बात कहने की उनकी क्षमता की परिचायक है। करुणा काव्य की ताकत होती है। "ऑक्सीजन तो कायनात में बेहिसाब थी... एक सांस न खरीद सके।" इन पंक्तियों में मुक्तिबोध की "अंधेरे में" जैसी अस्तित्ववादी पीड़ा की सामूहिक विसंगति दिखती है। "वेंटिलेटर" और "पॉज़िटिव रिपोर्ट" जैसी कविताएँ महामारी में मनुष्य की असहायता को चित्रित करती हैं। विष्णु खरे को जिन्होंने पढ़ा है वे उनके यथार्थवाद से बावनकर में साम्य ढूंढ सकते हैं। बावनकर पारंपरिक मूल्यों और आधुनिकता के बीच तनाव को दर्शाते हैं ...

"आज 'सत्यवान' कितना 'सत्यवान' है? और 'सावित्री' कितनी 'सती'? यह प्रश्न अज्ञेय के ÷असाध्य वीणा÷ की तरह सांस्कृतिक पहचान के संकट को उजागर करता है। इसी तरह,"विरासत" में वे परंपरा के प्रति आग्रह और उसके विघटन के बीच झूलते मन की अभिव्यक्ति करते हैं। भाषा की सहजता और प्रतीकात्मकता बावनकर का अभिव्यक्ति कौशल है। रचनाओं की भाषा सरल होते हुए भी प्रतीकात्मक है। "बिस्तर" कविता में ...

"घर पर बिस्तर उसकी राह देखता रहा... अस्पताल में उसे कभी बिस्तर ही नहीं मिला।" यहाँ "बिस्तर" कोरोना काल की स्वास्थ्य व्यवस्था के चरमराते संकट का प्रतीक है, जो सांकेतिक अभिव्यक्ति की ताकत है। इसी तरह, "कॉमन मेन बनाम आम आदमी" जैसी कविताएँ राजनीतिक शब्दजाल को उधेड़ती हैं, जिसमें भाषाई चातुर्य झलकता है।"

## राशिफल

**मेष** — योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे।

**वृषभ** — रोजगार क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे, परन्तु आवेश में आकर कोई निर्णय न लें। बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने की चेष्टा करें। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

**मिथुन** — किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा। दूसरों की सफलता से अपने अन्दर हीन भावना न पालें। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर हो सकता है। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

**कर्क** — प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे। किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकषर्ण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों।

**सिंह** — नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। नये कार्यों के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। अच्छी अभिव्यक्ति से संबंध मधुर होंगे।

**कन्या** — पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दूसरों की आलोचना का असर अपने मनोबल पर न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**तुला** — कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलें। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम तीव्र होगा। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन नई-नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी।

**वृश्चिक** — असीम प्रतिभाओं बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। अतः इसे सुधारें। नैतिक-अनैतिक के बारे में सोचने वाला मन भौतिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ होगा।

**धनु** — दूसरों की बात इधर से उधर न करें, अन्यथा छवि धूमिल हो सकती है। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। पारिवारिक संबंधों में कटुता उत्पन्न न होने दें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**मकर** — अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखें, क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी। किसी पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट संभव। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव।

**कुंभ** — आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। निर्थक दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें। राजनीतिज्ञों की सरगर्मियां बढ़ेंगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। जीवन साथी के साथ मधुरता बनायें।

**मीन** — कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु उद्वेलित करेगी। आपकी सारी समस्याएं खुद सुलझ जाएंगी, थोड़ा धैर्य पूर्वक वक्त का इंतजार करें। किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।


## ( राजकपूर पुण्यतिथि 2 जून )

## कांपते बदन और मिमियाती आवाज से ग्रेट शो मेन तक का सफर

(अंजनी वर्मा -विभूति फीचर्स)

भारत में आरंभिक दौर की फिल्मों में तीन नायकों का बहुत महत्वपूर्ण स्थान था। यह थे ग्रेट शो मेन के नाम से मशहूर राजकपूर, अभिजात्य तथा रूमानी शख्सियत के नायक दिलीप कुमार तथा सदाबहार अभिनेता देवानंद। इन तीनों ने अपने अभिनय की अमिट छाप भारतीय सिनेमा पर छोड़ी। इनमें राजकपूर ऐसे अभिनेता थे जिन्होंने भारतीय सिनेमा को प्रेरक और मनोरंजक फिल्में तो दी ही साथ ही उन्होंने कई करुणा भरी भूमिकाओं को भी अमली जामा पहनाया। यह एक संयोग ही था कि राजकपूर की पहली फिल्म नीलकमल वर्ष 1947 में भारत की स्वतंत्रता के साथ ही आयी। यद्यपि इस फिल्म के प्रदर्शन तक राजकपूर के पिता पृथ्वीराज कपूर भी अपने पुत्र की प्रतिभा से परिचित नहीं थे। उन्होंने इस फिल्म के निर्देशक केदार शर्मा से स्वयं यह कहा था कि कांपता बदन और मिमियाती आवाज लेकर राज कितना चलेगा? पर अंततः यही कांपता बदन और थरथराती आवाज राजकपूर के साथ जुड़ गई जिसकी आज भी कई नायक नकल करने की कोशिश करते हैं। (याद कीजिये फिल्म ईश्वर के अनिल कपूर को) बाद में यही युवक इंकलाब, चित्तौड़ विजय, दिल की रानी, अमर प्रेम और जेल यात्री जैसी फिल्मों में भी आया। राजकपूर ने इन फिल्मों से इतना धन कमा लिया कि अगले ही वर्ष 1948 में तब की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री नर्गिस के साथ फिल्म बनाने की घोषणा कर दी। %आग% राजकपूर द्वारा निर्मित और निर्देशित पहली फिल्म थी। यह फिल्म दर्शकों की भीड़ तो नहीं जुटा सकी लेकिन इस फिल्म ने राजकपूर की निर्देशकीय क्षमता को नया आयाम अवश्य दिया। यह फिल्म उस समय बन रही फिल्मों की लीक से कुछ अलग थी। राजकपूर की पहली फिल्म की व्यवसायिक असफलता को दूसरी फिल्म %बरसात% ने भुला दिया। इस फिल्म ने व्यवसायिक रूप से आश्चर्यजनक सफलता प्राप्त की। इस फिल्म का गीत-संगीत बेहद लोकप्रिय हुआ।इस फिल्म के गीतों की लोकप्रियता तो आज भी कायम है। संभवतः इसी फिल्म से राजकपूर ने फिल्मों के गीत-संगीत की ओर ध्यान देना प्रारंभ किया। %बरसात% के बाद राजकपूर ने 'आवारा' फिल्म बनायी। इस फिल्म की और इसके गीत-संगीत की लोकप्रियता को तो समन्दर भी न रोक सका और रूस तथा ईरान तक इसका संगीत लोकप्रिय हुआ। कहा जाता है कि माओ त्से तुंग भी इस फिल्म को बहुत पसंद करते थे।

'आवारा' ने राजकपूर को सफलता ने नये आयाम तो दिये ही साथ ही उन्हें रूमानी भूमिका में प्रवीण अभिनेता की छवि भी प्रदान की। राजकपूर ने श्री 420, मेरा नाम जोकर,अनाड़ी,जिस देश में गंगा बहती है तथा सपनों का सौदागर में भी इसी प्रकार की छवि को बनाये रखा। आवारा की अपार सफलता ने राजकपूर को व्यवसायिक सफलता का फार्मूला भी दिया। इसी फार्मूले को राजकपूर ने बॉबी और प्रेमरोग में भी खूबसूरती से इस्तेमाल किया। राजकपूर की फिल्मों की चर्चा नर्गिस के बिना अकल्पनीय ही है। राजकपूर द्वारा अभिनीत पहली बार निर्मित एवं निर्देशित फिल्म की नायिका नर्गिस थी।



इस मशहूर जोड़ी ने कुल सोलह फिल्मों में साथ-साथ अभिनय किया। राज नर्गिस की जोड़ी पहली बार 1948 में 'आग' फिल्म में परदे पर आयी तथा 1956 में जागते रहो इस जोड़ी की आखिरी फिल्म थी। राज नर्गिस अभिनीत कुल सोलह फिल्मों में से 'बरसात', 'आवारा', 'श्री 420' और 'चोरी चोरी'' सुपरहिट मानी जाती है, लेकिन शेष फिल्में बुरी तरह असफल हुई। नर्गिस के अलावा राजकपूर ने मधुबाला, निम्मी, सुरैया, मीना कुमारी और माला सिन्हा के साथ भी नायक की भूमिकायें की हैं। नायक के रूप में राजकपूर ने लगभग 50 फिल्मों में अभिनय किया। 'आग', 'बरसात' 'आवारा' 'श्री 420', 'संगम' और 'मेरा नाम जोकर' उनके द्वारा निर्देशित एवं स्वयं अभिनीत फिल्में हैं। संगम की अपार सफलता के बाद राजकपूर ने 'मेरा नाम जोकर' बनायी जिसे घनघोर असफलता का मुह देखना पड़ा। कहा जाता है कि राजकपूर 'मेरा नाम जोकर को अपने पुत्र की भांति मानते थे, और इस फिल्म को अपने जीवन की सबसे अच्छी फिल्म मानते थे, लेकिन शायद यह दुर्भाग्य ही था कि आम जनता को यह फिल्म पसंद नहीं आयी। मेरा नाम जोकर की असफलता से उबरने के लिये राजकपूर ने 'बॉबी' जैसी हल्की फिल्म बनायी।

राजकपूर के दूसरे बेटे ॠषि कपूर को लेकर बनायी गयी इस किशोरवय की प्रेम कहानी को अपार सफलता मिली। इसके बाद राजकपूर ने 'सत्यम् शिवम् सुन्दरम् , 'प्रेम रोग' और 'राम तेरी गंगा मैली' फिल्मों का निर्देशन किया। यद्यपि इन सभी फिल्मों में तत्कालीन कुरीतियों और समस्याओं को उभारा गया था लेकिन फिल्मों की सफलता के लिये राजकपूर ने अपनी फिल्मों की नायिकाओं के सौंदर्य का भी भरपूर उपयोग लिया। बॉबी में डिंपल, सत्यम् शिवम् सुन्दरम् में जीनत अमान और राम तेरी गंगा मैली में मंदाकिनी इसके उदाहरण हैं। हिन्दी फिल्मों के ग्रेट शो मेन राजकपूर को 'संगम', 'मेरा नाम जोकर', 'प्रेम रोग' और 'राम तेरी गंगा मैली के लिये सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का फिल्म फेयर पुरस्कार तथा अनाड़ी के लिये 1959 में और जिस देश में गंगा बहती है के लिये 1961 में राजकपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। यह एक विडम्बना ही थी कि राजकपूर अपना एक और सपना हिना पूरा नहीं कर पाये और वर्ष 1988 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार ग्रहण करने के बाद उनका आखिरी सफर आरंभ हो गया। राजकपूर का फिल्मी सफर चालीस वर्ष तक चला। 1947 से लेकर 1988 तक वे फिल्मी दुनिया में सतत् गतिशील बने रहे। यहीं कारण था कि वे एक महान शो मेन के रूप में भारत में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी लोकप्रिय हो गये। राजकपूर ने अपने फिल्मी जीवन में जो कुछ दुनिया को दिया वह अविस्मरणीय है। कपूर परिवार के अभिनय का सिलसिला पृथ्वीराज कपूर (राजकपूर के पिता) से आरंभ हुआ, फिर राजकपूर, शम्मी कपूर, शशि कपूर से होता हुआ रणधीर, ॠषि और राजीव कपूर तक पहुंचा। राजकपूर की पोतियों करिश्मा कपूर और करीना कपूर ने इसे आगे बढ़ाया और अब कपूर परिवार से अभिनय की कमान ॠषि कपूर के पुत्र रणबीर कपूर संभाले हुए हैं। यद्यपि राजकपूर के वंशजों को राजकपूर जैसी सफलता अर्जित करने के लिये कड़ा संघर्ष करना होगा, लेकिन यह सिलसिला तो चलता ही रहेगा राजकपूर के शब्दों में शो मस्ट गो ऑन।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में हो रहा जल संरचनाओं का निर्माण

**रीवा,कासं.।** जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पानी को सहेजने के लिए जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि अभियान के तहत मऊगंज जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सरैहा में खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। यहां गत दिवस जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, गांव के



सरपंच तथा स्वसहायता समूह की महिलाओं ने मिलकर जल संरक्षण के लिए रैली निकाली। कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा ने त्योंथर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत घटेहा में चल रहे अमृत सरोवर और खेत तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाबों के निर्माण के संबंध में उपयांत्रियों को निर्देश दिये। अभियान के तहत कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने रीवा विकासखण्ड के ग्राम भटलों में नल जल योजना की पाइप लाइन लिकेज में सुधार कराकर पानी की आपूर्ति अनुसूचित जाति बस्ती में शुरू करायी।

## संभागीय दल कर रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण

**रीवा,कासं.।** एक जून 2025. संभाग के सभी जिलों में 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। कमिश्नर बीएस जामोद ने अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों और निर्माण कार्यों की निगरानी के लिए 6 संभाग स्तरीय अधिकारियों के दल तैनात किये हैं। इन दलों द्वारा भ्रमण करके जल गंगा संवर्धन अभियान का जायजा लिया जा रहा है। गत दिवस संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ. राजेश मिश्रा, परिवहन अधिकारी मनीष त्रिपाठी एवं आपूर्ति नियंत्रक ने सतना जिले के रामपुर बघेलान विकासखण्ड एवं मैहर जिले के अमरपाटन विकासखण्ड में जल संरक्षण कार्यों का जायजा लिया। दल ने खेत तालाब निर्माण तथा कुंए में रिचार्ज पिट निर्माण का अवलोकन किया। इस दल का नेतृत्व चीफ इंजीनियर लोक निर्माण विभाग संजय खाण्डे ने किया।



अधीक्षण यंत्री पीएचई तथा अन्य अधिकारियों ने रीवा जिले के सिरमौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बरा में चेकडैम निर्माण एवं बोरीबंधान का निरीक्षण किया।

इसी दल ने सीधी जिले के मझौली विकासखण्ड के ग्राम दादर में हितग्राही सुदामा साहू के द्वारा बनाये जा रहे खेत तालाब एवं कुंए में रिचार्ज पिट का भी निरीक्षण किया गया। इसी गांव में रामचन्द्र साहू द्वारा बनाये जा रहे खेत तालाब का निरीक्षण किया गया। ग्राम दादर में गतवर्ष चेकडैम का निर्माण कराया गया था। उसमें अभी भी पर्याप्त पानी उपलब्ध है। जो आमजनता के निस्तार और पशुओं के पीने के लिए उपयोग में लाया जा रहा है।

## किसानों को ई कृषि यंत्र पोर्टल से है अनुदान की सुविधा

**रीवा,कासं.।** कृषि को उन्नत बनाने के लिए कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। खेती से जुड़े उपकरणों की खरीद पर किसानों को उनकी पात्रता के अनुसार ई कृषि यंत्र पोर्टल के माध्यम से अनुदान की सुविधा दी जा रही है। ई कृषि यंत्र पोर्टल पर पंजीयन कराने के बाद किसान ट्रैक्टर, पावर टिलर सहित सभी तरह के शक्ति चालित एवं स्वचलित कृषि यंत्रों पर अनुदान का लाभ ले सकते हैं। पोर्टल के माध्यम से बिजली एवं डीजल से चलने वाले सिंचाई पंप, ड्रिप सिस्टम, स्प्रिंकलर, रेनगन तथा सिंचाई पाइपलाइन के लिए भी अनुदान की भी व्यवस्था है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि ई कृषि यंत्र पोर्टल पर पंजीयन कराने के लिए किसान के यूआईडीएआई आधार पंजीयन में अधिकृत फिंगर प्रिंट स्केनर डिवाइस के माध्यम से पंजीयन की सुविधा दी गई है। आधार कार्ड और स्वयं की फोटो अपलोड करके भी किसान पंजीयन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। पंजीयन के साथ-साथ किसान को अनुदान का लाभ लेने के लिए निर्धारित प्रपत्र में घोषणा पत्र देना होगा। जिसमें इस बात का उल्लेख रहेगा कि गत वर्षों में निर्धारित अवधि में किसान को अनुदान का लाभ नहीं मिला है। पंजीयन होते ही किसान को कृषि सामग्री के लिए जिले और आसपास के क्षेत्र में उपलब्ध अधिकृत विक्रेताओं की सूची पोर्टल पर उपलब्ध हो जाएगी। किसान के पंजीकृत मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से पंजीयन की जानकारी तथा विशेष कोड प्राप्त होगा। इस कोड के माध्यम से डीलर के यहाँ किसान का आवेदन पत्र खुलेगा। किसान पंजीयन का प्रिंट आउट और विक्रेताओं की सूची प्राप्त कर सकते हैं। इन अधिकृत विक्रेताओं में से किसान अपनी पसंद तथा कृषि उपकरण का मोलभाव करके विक्रेता का चुनाव कर सकते हैं। पंजीयन के बाद किसान को अधिकतम 10 दिन की समय सीमा में उपकरण खरीदना होगा। समय सीमा पूरी होने पर पंजीयन अपने आप निरस्त हो जाएगा।

साथ ही किसान अगले 6 माह के लिए पंजीयन से अपात्र हो जाएगा। पोर्टल के माध्यम से किसान एक साल में केवल दो उपकरणों के लिए आवेदन कर सकता है। एक ही उपकरण को खरीदने का लाभ पुनः लेने के लिए पोर्टल में समय सीमा तय है। स्वचलित और शक्ति चलित पंप में पाँच साल तथा शेष सिंचाई पंप, ड्रिप सिस्टम, स्प्रिंकलर, रेनगन तथा सिंचाई पाइप विद्युत एवं डीजल पंप में सात साल में एक बार खरीदने का लाभ मिलेगा। ट्रैक्टर से चलने वाले कृषि यंत्रों को खरीद के समय किसान के पास उपयुक्त हार्सपावर का ट्रैक्टर होना आवश्यक है। पोर्टल में आवेदन करने के बाद आगे आएं लाभ उठाएं के आधार पर सूची के अनुसार किसानों को अनुदान का लाभ दिया जाएगा।

## इंटरनेट के बिना जीना चाहते हैं आधे से ज्यादा युवा, अध्ययन में हुआ खुलासा

इन दिनों इंटरनेट जीवन का पर्याय बन चुका है। लोगों का सारा काम इंटरनेट के सहारे ही चलता है। इस तकनीक ने जीवन को जितना आसान बनाया है, उतना ही इंसानों को आलसी और नासमझ बना दिया है। बच्चों से लेकर बूढ़ों तक, सभी मोबाइल चलाते-चलाते ही सारा दिन बिता देते हैं। हालांकि, क्या हो अगर अचानक इंटरनेट हमेशा के लिए बंद हो जाए? सुनने में अजीब लगता है, लेकिन आधे से ज्यादा युवा इंटरनेट के बिना जीना चाहते हैं।

**क्या है इस शोध में पाई गई जानकारी?**

यूनाइटेड किंगडम में किए गए अध्ययन के जरिए सामने आया कि लगभग आधे युवा ऐसी दुनिया में रहना पसंद करेंगे, जहां इंटरनेट न हो। इस शोध से पता चलता है कि 16 से 21 वर्ष की आयु के लगभग 70 प्रतिशत युवा सोशल मीडिया पर समय बिताने के बाद बुरा महसूस करते हैं। 50 प्रतिशत लोग डिजिटल कर्फ्यू का समर्थन करते हैं, जो रात 10 बजे के बाद कुछ ऐप और साइट तक उनकी पहुंच को प्रतिबंधित करता है।

**इस तरह पूरा किया गया अध्ययन**

यह अध्ययन ब्रिटिश स्टैंडर्ड्स इंस्टीट्यूशन द्वारा किया गया था, जिसमें 1,293 युवाओं का सर्वेक्षण किया गया था। इसमें पाया गया कि 27 प्रतिशत प्रतिभागियों ने अजनबियों के साथ ऑनलाइन पता तक साझा किया।

इसी सर्वेक्षण में तीन-चौथाई लोगों ने कहा कि उन्होंने महामारी के बाद से ऑनलाइन ज्यादा समय बिताया शुरू कर दिया। 68 प्रतिशत लोगों को लगता है कि उन्होंने जो समय ऑनलाइन बिताया वह उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक था।

**प्रतिभागियों ने मानी फेक अकाउंट बनाने की बात**

प्रतिभागियों में से एक चौथाई सोशल मीडिया पर दिन में 4 से ज्यादा घंटे बिताते हैं। 42 प्रतिशत ने यह बात स्वीकार करी कि वे अपने माता-पिता से झूठ बोलकर इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। 42 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्होंने आईडी बनाने के लिए अपनी उम्र के बारे में झूठ बोला।

वहीं, 40 प्रतिशत ने स्वीकार किया कि उनके पास एक फर्जी अकाउंट है और 27 प्रतिशत पूरी तरह से एक अलग व्यक्ति होने का दिखावा करते हैं।

**क्यूं किया गया यह अध्ययन?**

ये नतीजे प्रौद्योगिकी सचिव पीटर काइल द्वारा दिए गए संकेतों के बाद सामने आए हैं। उन्होंने कहा था कि सरकार टिक-टॉक और इंस्टाग्राम जैसे ऐप के लिए कट-ऑफ समय अनिवार्य बनाने की संभावना पर विचार कर रही है। ऑनलाइन बाल सुरक्षा की नीति प्रबंधक रानी गोवेंडर ने कहा कि डिजिटल कर्फ्यू मददगार तो है, लेकिन अन्य उपायों के बिना बच्चों को सोशल मीडिया के संपर्क में आने से नहीं रोका जा सकता।

### कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा।** एक जून 2025. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 2 जून को कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में टीएल पत्रों की समीक्षा करेंगी। बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, जल गंगा संवर्धन अभियान, पेयजल व्यवस्था तथा मुख्यमंत्री जी के 4 जून को प्रस्तावित दौरे की तैयारियों की भी समीक्षा की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

### आपदा प्रबंधन की तैयारी बैठक आज

**रीवा।** एक जून 2025. कलेक्ट्रेट सभागार में 2 जून को आपदा प्रबंधन की तैयारी बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों की विभागवार समीक्षा करेंगी। बैठक साप्ताहिक टीएल बैठक के बाद आरंभ होगी। सभी संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### ईकेवायसी में लापरवाही पर सेल्समैन निलंबित

**रीवा।** एक जून 2025. शासकीय उचित मूल्य दुकान अमाव के सेल्समैन जवाहरलाल नापित को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिये गये हैं। खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की ईकेवायसी कराने में रूचि न लेने तथा लापरवाही बरतने पर यह कार्यवाही की गयी है। इस संबंध में आपूर्ति नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर ने बताया कि निलंबन अवधि में श्री नापित का मुख्यालय सेवा सहकारी समिति अमाव रहेगा। खाद्यान वितरण एवं अन्य कार्यों के लिए उचित मूल्य दुकान अमाव का प्रभार सेल्समैन ओमप्रकाश मिश्रा उचित मूल्य बराखुर्द को दिया गया है।

### गहरी जुताई और खरपतवार नष्ट करने के लिए उपयोगी है रोटावेटर

**रीवा।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार खेती है। खेती के आधुनिकीकरण के साथ इसका तेजी से यंत्रीकरण हो रहा है। अब खेतों की जुताई लगभग शत-प्रतिशत ट्रैक्टरों के माध्यम से होती है। ट्रैक्टर से संचालित कई कृषि उपकरण किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि ट्रैक्टर के माध्यम से चलने वाला रोटावेटर और रोटरी टिलर्स खेतों की गहरी जुताई और खरपतवार नष्ट करने के लिए बहुत उपयोगी है।



## संक्षिप्त समाचार

### एलपीजी की कीमतों में हुआ बदलाव, सिलेंडर 24 रुपये हुआ सस्ता

**नई दिल्ली ,ए.।** जून की शुरुआत के साथ ही आम जनता और व्यापारियों के लिए एक राहतभरी खबर सामने आई है। तेल विपणन कंपनियों ने 1 जून से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 24 की कटौती की है। अब दिल्ली में 19 किलो का कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर घटकर 1723.50 रुपये का हो गया है, जो 1747.50 रुपये का मिल रहा था। इसके अलावा कोलकाता में ये 1826 रुपये का, मुंबई में 1674.50 रुपये का और चेन्नई में घटकर 1881 रुपये का हो गया है। तेल कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में संशोधन करती हैं, जो वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों, टैक्स नीतियों और मांग-आपूर्ति जैसे बाजार कारकों पर निर्भर करता है। इस बार की कटौती का फायदा सीधे तौर पर होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को मिलेगा, जहां बड़े पैमाने पर एलपीजी की खपत होती है। सिलेंडर की कीमतों में इस कटौती से इन व्यापारियों की परिचालन लागत कुछ हद तक कम होगी, जिससे उन्हें वित्तीय राहत मिलेगी। इसका अप्रत्यक्ष फायदा आम उपभोक्ताओं को भी मिल सकता है, क्योंकि लागत में कमी का असर सेवाओं और खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर पड़ सकता है। यह नियमित संशोधन एलपीजी बाजार की गतिशील प्रकृति को दर्शाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, टैक्स नीतियों में बदलाव और स्थानीय मांग-आपूर्ति की स्थिति, ये सभी मिलकर एलपीजी की कीमत तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं। जून 2025 की यह कटौती छोटी जरूर है, लेकिन इसका असर बड़ा माना जा सकता है। तेल कंपनियों के इस फैसले से जहां कारोबारियों को राहत मिलेगी, वहीं ग्राहकों पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकता है।

### केंद्र ने इंडिगो को टर्किश एयरलाइंस के साथ विमान लीज समझौता खत्म करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली ,ए.।** पाकिस्तान का समर्थन करने के लिए तुर्की को कड़ा संदेश देते हुए केंद्र सरकार ने शुक्रवार को इंडिगो एयरलाइन को टर्किश एयरलाइंस के साथ अपने विमान लीज समझौते को तीन महीने के भीतर खत्म करने का निर्देश दिया। इंडिगो ने टर्किश एयरलाइंस से दो बोइंग 777 विमान पट्टे पर ले रखे हैं, जिसके लिए उसे 31 मई तक की अनुमति थी। कंपनी ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय से इस अनुमति को छह महीने तक बढ़ाने की मांग की थी। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, मंत्रालय ने अब इसकी अनुमति देने से इनकार कर दिया है। हालांकि, मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि उड़ान में तत्काल व्यवधान के कारण यात्रियों को होने वाली असुविधा से बचने के लिए इंडिगो को 31 अगस्त तक तीन महीने का विस्तार दिया गया है। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि इसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। इंडिगो को इन किराए के विमानों के लिए 31 अगस्त 2025 तक तीन महीने की आखिरी और अंतिम विस्तार अवधि दी गई है। यह अनुमति एयरलाइन के इस वादे के आधार पर दी गई है कि वह इस अवधि में टर्किश एयरलाइंस के साथ किराए का समझौता खत्म कर देगी और इसके लिए आगे कोई विस्तार नहीं मांगेगी। इंडिगो का टर्किश एयरलाइंस के साथ भी कोडशेयर समझौता भी है। पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की के पाकिस्तान के साथ खड़े होने के बाद केंद्र ने 15 मई को तुर्की की कंपनी सेलेबी एविएशन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा था, तुर्की ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। मौजूदा हालात को देखते हुए यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा बन गया है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए देश में सेलेबी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और उसके बाद तुर्की ने पाकिस्तान के साथ एकजुटता व्यक्त की थी। भारत द्वारा पड़ोसी देश में प्रमुख आतंकी ठिकानों पर हमला करने के बाद पाकिस्तान ने भी जवाबी हमले में तुर्की के ड्रोन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया था।

## जय शाह के ट्रॉफी फोटोशूट के बाद पीएसजी की ऐतिहासिक जीत

### -पहली बार बना चैंपियंस लीग का चैंपियन




**म्यूनिख,एजेंसी।** फ्रांसीसी फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने शनिवार 31 मई को म्यूनिख में इतिहास रच दिया. उन्होंने इटली के फुटबॉल क्लब इंटर मिलान को 5-0 से हराकर अपना पहला चैंपियंस लीग खिताब जीत लिया. यह केवल दूसरी बार था जब एक फ्रांसीसी क्लब ने यूरोपीय कप उठाया हो. पीएसजी की ये जीत रिकॉर्ड तोड़ अंदाज में हुई, क्योंकि चैंपियंस लीग फाइनल के इतिहास में ये सबसे बड़ी जीत थी. किसी भी टीम ने इससे पहले चार गोल से अधिक के अंतर से यूरोपीय कप फाइनल नहीं जीता था. पीएसजी की ओर से 19 वर्षीय सनसनी डिजायर डू के दो गोल, अशरफ हकीमी, खविचा क्वारत्सखेलिया और सेनी मायुलु ने एक एक गोल करके अपनी टीम को शानदार जीत दिला दी. अशरफ हकीमी ने 12वें मिनट में अपने पूर्व क्लब इंटर मिलान के खिलाफ गोल करके शुरुआत की, लेकिन उन्होंने सम्मान दिखाने के लिए अपने पुराने क्लब के खिलाफ जश्न नहीं मनाने का फैसला किया. इसके ठीक सात मिनट बाद 19 वर्षीय डिजायर डू ने गोल अपना पहला गोल किया और फिर दूसरे हाफ के बीच में एक और गोल करके बढ़त को दोगुनी कर दिया. इस उपलब्धि ने उन्हें 1962 में बेनफिका के यूसेबियो के बाद चैंपियंस लीग फाइनल में दो बार गोल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बना दिया. खिचा क्वारत्सखेलिया ने 73वें मिनट में एक शानदार जवाबी हमले के बाद चौथा गोल किया, और फिर सेनी मायुलु ने चार मिनट शेष रहते पांचवां गोल करके जीत पक्की कर दी. पहली बार ट्रॉफी उठाने के बाद पीएसजी के मिडफील्डर विटिना ने कहा, यह सब कुछ मायने रखता है!

प्रशंसक ही मुख्य कारण हैं कि हम यह ट्रॉफी जीतना चाहते थे. यह हमारा सपना है, यह हर किसी का सपना है. टीम बहुत अच्छी है,और ये परिणाम उसी टीम का नतीजा है, कोई जादू से ये ट्रॉफी नहीं मिली है, पीएसजी के कोच लुइस एनरिक ने कहा,पहले दिन से ही मैंने कहा कि मैं ये महत्वपूर्ण ट्रॉफी जीतना चाहता हूं, और पीएसजी ने कभी चैंपियंस लीग नहीं जीती. हमने पहली बार ऐसा किया, कई लोगों को खुश करना एक शानदार एहसास है, पिछले साल दिसंबर में आईसीसी चेयरमैन के तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करने के बाद से ही जय शाह क्रिकेट के लिए नए बाजार खोलने और विस्तार करने के लिए दौरे कर रहे हैं।

आईसीसी के सबसे युवा चेयरमैन के तौर पर कार्यभार संभालने के तुरंत बाद जय शाह ने 2032 ब्रिस्बेन ओलंपिक और पैरालंपिक आयोजन समितियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की और जनवरी 2025 में आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक से भी मुलाकात की. अब उन्होंने 30 मई 2025 को चैंपियन लीग 2025 के फाइनल से पहले म्यूनिख में यूएफा के अध्यक्ष एलेक्जेंडर सेफरीन से मुलाकात की और ट्राफी के साथ फोटोशूट भी कराया. अपने एक्स अकाउंट पर शाह ने लिखा, चैंपियन लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करके और यूएफा के अध्यक्ष एलेक्जेंडर सेफरीन के साथ चर्चा करके सम्मानित महसूस किया. अन्य खेल के लीडरों के साथ समय बिताना हमेशा मूल्यवान होता है, क्योंकि आईसीसी हमारे खेल की वैश्विक पहुंच का विस्तार कर रहा है।

## धारावी रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के मास्टर प्लान से बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ लोगों को मिलेगा उच्च स्तरीय जीवन

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** धारावी रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट (डीआरपी) धारावीकरों के जीवन और रहने-काम करने की स्थितियों को बदलने का एक अनूठा अवसर है, जिसका लक्ष्य बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर और सार्वजनिक सुविधाओं के साथ उच्च गुणवत्ता का जीवन स्तर प्रदान करना है। प्रस्तावित मास्टर प्लान धारावीकरों के लिए एक विश्व स्तरीय जिला बनाने और मुंबई के लिए एक नए दिल की कल्पना करने का एक प्रयास है। धारावी मास्टर प्लान तीन मार्गदर्शक सिद्धांतों की नींव पर बनाया गया है, जिसमें रीडेवलपमेंट के माध्यम से आर्थिक परिवर्तन को आगे बढ़ाना, मजबूत इकोसिस्टम और इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करना और एक समतापूर्ण धारावी को बढ़ावा देना शामिल है। धारावी मास्टर प्लान में ग्रीन और पब्लिक स्पेस का एक अच्छा मिश्रण है, जिसमें बड़े सिटी पार्क से लेकर छोटे कम्युनिटी प्ले ग्राउंड भी शामिल हैं। इससे लोगों को वॉकिंग के लिए खुली जगह मिलेगी और इससे जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। धारावी के केंद्र में एक बड़े सक्रिय सार्वजनिक खुले स्थान की योजना बनाई गई है, जो न केवल निवासियों की मनोरंजन संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि संपूर्ण मुंबई शहर की भी आवश्यकताओं को पूरा करेगा, जहां धारावी और मुंबई निवासी उत्सवों और त्योहारों के लिए एक साथ आ सकेंगे। धारावी का एक उच्च ट्रांजिट सिस्टम भी होगा, जिसमें निर्बाध मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी होगी। साथ ही इसके केंद्र से होकर एक नया मेट्रो कॉरिडोर भी गुजरेगा। बस फीडर सिस्टम, गैर-मोटर चालित परिवहन के लिए समर्पित इन्फ्रास्ट्रक्चर और एक बढ़िया स्ट्रीट नेटवर्क लास्ट माइल की कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा और सभी इलाकों में पैदल चलने की सुविधा को बढ़ावा देगा। धारावी के मध्य में एक मल्टी-मॉडल ट्रांजिट हब (एमएमटीएच) की योजना बनाई गई है, जिसमें पहली बार ऐसी सुविधा होगी, जहां एक ही स्थान पर सिटी बस और अन्य शहरी परिवहन के अलावा इंटर-सिटी, इंट्रा-सिटी, उपनगरीय, मेट्रो, हाई-स्पीड और एयरपोर्ट एक्सप्रेस ट्रेनों की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त धारावी और एमएमआर के अन्य स्थानों पर अत्याधुनिक अस्पताल नेटवर्क स्थापित किए जाएंगे। साथ ही धारावी में पॉलीक्लिनिक, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र और डायग्नोस्टिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे मध्य मुंबई में चिकित्सा संबंधी इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिलेगी। धारावी रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट में प्रस्तावित वाटरफ्रंट विकास और धारावी सैरगाह के तहत नदी के किनारे तक पहुंच बनाने के लिए एक रेखीय खुली जगह की योजना बनाई गई है। सैरगाह लोगों के लिए एक ऐसी जगह होगी, जहां वे आकर मीठी नदी के किनारे सैर का आनंद ले सकेंगे और उत्तर की ओर मैंग्रोव वन को देख सकेंगे।

## कोहली का मिल गया रिप्लेसमेंट, दोहरा शतक जड़कर चयन को बताया सही

### -टेस्ट स्क्वाड से बाहर सरफराज ने भी खेली धमाकेदार पारी

**नईदिल्ली ,एजेंसी।** करुण नायर ने शनिवार, 31 मई को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया ए के मैच में शानदार दोहरा शतक लगाया. सेंट लॉरेंस ग्राउंड, कैंटरबरी में खड़े होकर दर्शकों ने उनकी हौसला अफजाई के लिए तालियां बजाई. करुण की धमाकेदार पारी ने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया और टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए अपने चयन को सही साबित कर दिया. करुण ने इंग्लैंड के कैंटरबरी में खेले जा रहे पहले अनऑफिशियली टेस्ट मैच में भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरे दिन शानदार डबल शतक जड़ा. उन्होंने 281 गेंदों पर 204 रनों की पारी खेली, जिसमें 26 चौके और एक छक्का शामिल है. इस दोहरे शतक के सथा करुण नायर ने 20 जून से लीड्स में शुरू हो रहे इंग्लैंड के पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम की प्लेइंग-11 में अपने चयन को मजबूत किया है. बता दें कि यह इंडिया ए के लिए उनका पहला 200 से अधिक का स्कोर है लेकिन प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका चौथा दोहरा शतक है. नायर का ये शानदार प्रदर्शन उनके तीसरे नंबर पर आने के बाद आया है. जिससे अब भारत को नंबर थ्री पर बल्लेबाजी का एक बढ़िया ऑप्शन मिल गया है. क्योंकि कोहली रोहित के




जाने के बाद टीम बल्लेबाजी की रैंकिंग को लेकर सस्पेंस अभी भी बना हुआ है। करुण नायर के अलावा ध्रुव जुरेल और टेस्ट स्क्वाड से बाहर सरफराज खान ने भी शानदार पारी खेली है. सरफराज ने 119 गेंदों पर 92 रन बनाए जबकि जुरेल ने 120 गेंदों में 120 गेंदों में 94 रनों की पारी खेली. इन तीनों की धमाकेदार बल्लेबाजी की वजह से इंडिया ए ने दूसरे दिन लंच तक 119 ओवर में 7 विकेट खोकर 533 रन बना लिए है। दिसंबर 2016 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ तिहरा शतक लगाने वाले नायर ने सरफराज खान के साथ 181 रनों की साझेदारी की. उन्होंने उप-कप्तान ध्रुव जुरेल के साथ भी 195 की साझेदारी की।

# गुरुद्वारा श्रीगुरु अर्जन दरबार साहिब बेहटा में सालाना शहीदी जोड़ मेला में भारी दीवाना सजा

## हजारों सिख संगत ने मत्था टेका, महापुरुषों ने प्रवचन दिये, कीर्तन जत्था ने कीर्तन किये

**शिवपुरी ब्यूरो।** श्री अर्जन देव साहिब के 419 वें शहीदी दिवस पर 21वां सालाना शहीदी जोड़ मेला में द्वितीय दिवस भी गुरुद्वारा श्री अर्जनदेव दरबार साहिब, बेहटा, शिवपुरी में श्री अखंड पाठ साहिब का पाठ चल रहा है, यह पाठ आज 2 जून तक होगा। इस अवसर पर श्री गुरुद्वारा के जत्थेदार बाबा तेग सिंह ने अपने उद्बोधन में श्री गुरु अर्जन देव जी जीवन पर विस्तार से उपस्थित सैकड़ों संगत को बताया और शहीदी जोड़ मेला की विशेषता का भी बखान किया। महापुरषो ने प्रवचन दिये, कथा वाचक ने करायें सुनाई, कीर्तन जत्था ने संगीतबद्ध कीर्तन सुनाये, हजारों सिख संगत के अलावा सैकड़ों नागरिक मेला में इकठ्ठा होकर धर्म लाभ ले रहे हैं। शहीदी जोड़ मेला में ठण्डे मीठे जल दीया शीला, गुरु दा अटूट लन्गर चल रहा है, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब के सैकड़ों की संख्या में संगत सामिल हो रही है। आज 2 जून को भी भारी दीवाना सजा रहेगा, पावन दरबार साहिब दी कार सेवा सचखंडवासी



श्रीमान संत बाबा तारा सिंह जी सम्प्रदाय सरहाली साहिब की की कृपा से सम्प्रदाय प्रमुख सरहाली साहिब संत बाबा घोलासिंह के मार्गदर्शन में, मुख्य जत्थेदार संत बाबा गुमान सिंह उत्तरप्रदेश वाले के दिशा-निर्देश एवं जत्थेदार बाबा तेग सिंह के नेतृत्व में शहीदी जोड़ मेला लगाया जा रहा है। इस मेला मे महापुरुष जत्थेदार श्री अकालतख्त साहिब सिंहसाहिब ,भाई रणजीत सिंह, संत बाबा लखा सिंह, संत बाबा बलविंदर सिंह कोटा वाले, संत बाबा सेवा सिंह, संत बाबा लखा सिंह किला दाताबन्दी छोड ग्वालियर, संत बाबा गुरमेत सिंह डबरा वाले इत्यादि भी अपना प्रवचन दे रहे है। इस मेले में शहीदी महापुरुषों, संतो के विषय में अमृतसर दरबार साहिब के ढाड़ी जत्था भाई हरपाल सिंह टण्ड, कीर्तन जत्था नानक दरबार वाले भाई रवीन्द्र सिंह जोनी बाबाजी, दशमेश नगर वाले कविसर जत्था भाई मक्खन सिंह, गोविंद दास साहिब वाले कथा वाचक भाई दविन्दर सोनूबीर अपनी प्रस्तुति दें रहे है। मेला के अन्तिम दिवस 3 जून को सुबह 10 बजे से भारी अमृत संचार होगा, इसके उपरांत शहीद जोड़ मेला का समापन होगा। शहीदी जोड़ मेला में दिन रात अटूट लंगर संचालित होगा, साथ ही धार्मिक पुस्तकें,सामान की दुकानें भी लगी है। श्री गुरुद्वारा अर्जनदेव जी, बेहटा के जत्थेदार बाबा तेग सिंह, जत्थेदार बाबा अमरिक सिंह, गुरु प्रीत सिंह, नवजोतसिंह,बरयाम सिंह,संग्राम सिंह,सुखचेन सिंह ने सभी संगत से अनुरोध किया है कि हमेशा की तरह शहीदी जोड़ मेला में सामिल हो ओर श्री गुरु का असीम आर्शीवाद ग्रहण करें ओर जीवन को कृतार्थ करे।

# अहिल्याबाई होलकर जयंती : मंच पर रखी राजगद्दी जिस पर विराजी माता अहिल्याबाई

## सामने बैठ समाजबंधुओं ने सुनी अहिल्याबाई की महिमा

**शिवपुरी ब्यूरो।** शिवपुरी में देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती होलकर सेना के तत्वाधान में पाल बघेल समाज ने इस बार अनोखे ढंग से मनाई गई, समाज ने आज मानस भवन में एक राजगद्दी रखी जिस पर अहिल्याबाई होलकर स्वरूप में एक बालिका को बिठाया गया और समाजजनों ने मंच से नीचे बैठकर अहिल्याबाई की महिमा को सुना। कार्यक्रम के बारे में होलकर सेना शिवपुरी के जिला अध्यक्ष पंकज पाल ने बताया कि होलकर सेना शिवपुरी में हर वर्ष धूमधाम से अहिल्याबाई होलकर जयंती मनाई जाती है। एक शोभायात्रा निकाली गई जो काली माता से शुरू हुई जो झांसी तिराहा, गुरुद्वार चौक, माधव चौक, कोर्ट रोड़, अस्पताल चौराहा, मानस भवन में पहुंची जहां देवी अहिल्याबाई होलकर की राजगद्दी



रखकर एक बालिका को बिठाया और समाज जनों ने अहिल्याबाई की महिमा को सुना और सुनाया। कार्यक्रम में देवी अहिल्याबाई होलकर जयंती समारोह के जिला संयोजक गोपाल पाल ने कहा कि 300वीं जयंती पर समाज की एकजुटता पूरे देश में दिखाई दे रही है यह हमारे लिए गौरव की बात है। पूर्व विधायक लाखन सिंह बघेल ने कहा कि हमें यहां से अहिल्याबाई होलकर के बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लेकर हर जाना चाहिए हमें महापुरुषों से प्रेरणा लेकर अपने बच्चों को उनके द्वारा किए गए कार्यों को बताना चाहिए। कार्यक्रम में स्वागत भाषण नेपाल सिंह बघेल ने दिया। कार्यक्रम का संचालन दीपेंद्र पाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय पाल महासभा के जिला अध्यक्ष सीताराम पाल, धनगर महासभा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रामस्वरूप बघेल, भाजपा मंडल मंत्री होतम सिंह बघेल, नीरज पाल, सुरेंद्र मामा, शशि पाल, धर्मेंद्र पाल, पवन पाल, अमुख पाल, दीपक पाल, अमित पाल, कालीचरण पाल, सूरज पाल, अभिषेक पाल, दिलीप पाल आदि उपस्थित थे।

# प्रशासन की टीम की निगरानी में वितरण किया जा रहा है खाद किसान परेशान न हो इसलिए लगातार प्रशासन द्वारा दी जा रही है खाद की उपलब्धता की जानकारी

**शिवपुरी ब्यूरो।** जिले में जिला प्रशासन की टीम की निगरानी में किसानों को खरीफ फसल हेतु खाद का वितरण किया जा रहा है। खाद्य वितरण केंद्रों पर अनावश्यक भीड़ और किसान परेशान ना हो इसलिए विभाग द्वारा लगातार खाद की उपलब्धता की जानकारी भी दी जा रही है जिसके अनुसार किसान वितरण केंद्रों से खाद खरीद सकते हैं। कृषि विभाग के उपसंचालक ने बताया कि जिले में कुल 33,302 मैट्रिक टन खाद उपलब्ध है। इसमें 8,226 मैट्रिक टन यूरिया, 1,249 मैट्रिक टन डीएपी, 7,361 मैट्रिक टन एनपीके, 15,934 मैट्रिक टन एसएसपी तथा 532 मैट्रिक टन एमओपी शामिल हैं। जिले की 36 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को डीएपी खाद उपलब्ध कराया गया था, जिनमें से 10 समितियों के पास आज भी खाद शेष है। इन समितियों में अटलपुर में 24.8, बामौरकलां में 18.25, बूढ़ाडोंगर में 9, देहरदागणेश में 6.5, कुंवरपुर में 5.4, लालगढ़ में 6.25, नरवर में 18.45, पीरोंठ में 10.2, सतनवाड़ा में 15.05 और ठर्रा में 24.25 मैट्रिक टन डीएपी खाद है। इसके अतिरिक्त जिले के निजी विक्रेताओं के पास जिसमें आलोक खाद भंडार, पिछोर में 10.6 मैट्रिक टन; अनुराग ट्रेडर्स, खनियाधाना में 33.75; अवधेश कुमार गुप्ता, सिरसौद करैरा में 25; दिव्या कृषि सेवा केंद्र, पोहरी में 15; जायसवाल ट्रेडर्स, खनियाधाना में 9.75; जनता एग्रो एजेंसी, शिवपुरी में 25; के.के. ट्रेडर्स, करैरा में 8.5; क्षेत्रपाल ट्रेडिंग कंपनी, करैरा में 7.15; मां कालका ट्रेडर्स, मगरौनी में 65.75; महावीर ट्रेडर्स, खनियाधाना में 11; महेश ट्रेडर्स, नरवर में 14.8; आईएफएफडीसी, मगरौनी में 31; नैन्सी ट्रेडर्स, खनियाधाना में 14.7; ओसवाल सेल्स कॉर्पोरेशन, शिवपुरी में 7.95; पाठक ब्रदर्स, पिछोर में 17; रामदास गुप्ता, करैरा में 15.5; रामसेवक सीताराम, गेढ़ा करैरा में 13.15; सिंघई ट्रेडर्स, खनियाधाना में 40.85; और विवेक ट्रेडर्स, खनियाधाना में 44 मैट्रिक टन डीएपी खाद उपलब्ध है। थोक विक्रेताओं के पास इनमें गेढ़ा एसोसिएट, करैरा के पास 10, जगनाथ मदनलाल, नरवर के पास 10, मां कालका ट्रेडर्स, मगरौनी के पास 42.55, राधिक ट्रेडर्स, शिवपुरी के पास 12, रघुवीर शरण अरुण कुमार, शिवपुरी के पास 25, विनोद ट्रेडिंग कंपनी के पास 21, विसंबरदयाल गुप्ता एंड कंपनी, शिवपुरी के पास 10, और छाजेढ़ बंधु के पास 14 मैट्रिक टन डीएपी खाद उपलब्ध है। किसान भाइयों से अनुरोध है कि वे खाद प्राप्ति के लिए जिला स्तर पर न आएं, बल्कि अपने नजदीकी तहसील, सहकारी समिति या निजी विक्रय केंद्रों से ही खाद लें। यदि खरीफ फसल की बुवाई के लिए डीएपी उर्वरक उपलब्ध न हो, तो तत्वों की पूर्ति हेतु एनपीके 12=32=16, 16=16=16, 20=20=0=13 तथा नैनो डीएपी जैसे अन्य उर्वरकों का विकल्प अपनाया जा सकता है।जिले के 70,149 कृषकों को एसएमएस के माध्यम से एनपीके और नैनो डीएपी विकल्प अपनाने की सलाह दी जा चुकी है। इसके साथ ही अन्य प्रचार माध्यमों से भी किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

# घरेलू विद्युत उपभोक्ता विद्युत व्यवधानों से मुक्ति पाएं, स्वैच्छिक भार (लोड) वृद्धि स्वीकृत करवायें

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने परिसर के वास्तविक विद्युत भार के अनुरूप अपने कनेक्शन की भार वृद्धि स्वेच्छा से स्वीकृत कराना सुनिश्चित करा लें। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत भार की वृद्धि स्वेच्छा से कराने के लिए उपभोक्ताओं को जागरूक करने का अभियान इन दिनों चलाया जा रहा है। कंपनी ने बताया है कि उपभोक्ता कंपनी के पोर्टल पर स्वेच्छिक ऑनलाइन आवेदन कर भार वृद्धि करा सकते हैं। गौरतलब है कि विद्युत उपभोक्ता सामान्यतः कंपनी द्वारा स्वीकृत विद्युत भार से अधिक भार का उपयोग करते हैं जिस कारण से कम्पनी की विद्युत अधोसंरचना अतिभारित (श1द्गह्यश्ड्डस्रद्गस्र) हो जाती है और विद्युत कंपनी के साथ ही उपभोक्ताओं को भी अनावश्यक रूप से विद्युत व्यवधानों का सामना करना पड़ता है। सम्माननीय उपभोक्ता स्वेच्छा से अपने विद्युत भार की वृद्धि करा लें जिससे कम्पनी द्वारा भार अनुरूप उपयुक्त विद्युत अधोसंरचना का विकास कर बेहतर एवं निर्बाध विद्युत प्रदाय सुनिश्चित किया जा सके। कंपनी ने बताया है कि घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा स्वेच्छा से भार की वृद्धि कराने पर उनके मासिक देयक में कोई अंतर नहीं आएगा तथापि उन्हें संबद्ध भार के अनुरूप भार स्वीकृत कराना नियमानुसार आवश्यक है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि बिजली कंपनी में नवीन कनेक्शन के लिए जब कोई व्यक्ति अधिकृत आवेदन देता है तो उसके परिसर में भार (लोड) की गणना कर भार निर्धारित किया जाता है। इस प्रक्रिया में नया कनेक्शन देने के लिए बिजली कर्मचारी परिसर का लोड सर्वे करते हैं। यह भार (लोड) विद्युत प्रणाली में जोड़ा जाता है इसलिए इसे संयोजित भार या कनेक्टेड लोड कहा जाता है। कनेक्शन के दौरान उपभोक्ता को बिजली कंपनी के साथ सहयोग कर भार की सही गणना कराना चाहिए ताकि विद्युत प्रणाली सुचारू रूप से संचालित की जा सके। उपभोक्ता द्वारा परिसर में कनेक्शन लेने के कुछ अन्तराल बाद कुछ नये विद्युत उपकरणों को स्थापित कर भार बढ़ा लिया जाता है। यह बढ़ा भार बिजली कंपनी के कार्यालय में यदि स्वीकृत नहीं कराया जाता है तो कम्पनी की विद्युत अधोसंरचना अतिभारित हो जाती है जो कि अनावश्यक रूप से विद्युत व्यवधानों का कारण बनती है। संबद्ध भार के अनुरूप भार स्वीकृत कराना नियमानुसार आवश्यक है। उपभोक्ता लाईसेंसी ठेकेदार से गणना करा कर ऑनलाइन भार वृद्धि का आवेदन प्रस्तुत करें। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अपने सभी सम्माननीय उपभोक्ताओं से अपील करती है कि वे ऑनलाइन https://saral-sanyojan.mpcz.in:}}}}/apply/other/services/w सुविधा का लाभ लेकर अपने परिसर के वास्तविक भार के अनुसार अपना संयोजित भार स्वीकृत करवायें।

# अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, करें आवेदन

**शिवपुरी ब्यूरो।** टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में आवेदक अनुसूचित जनजाति का सदस्य एवं आयु 18 से 55 वर्ष एवं आय प्रमाण-पत्र (आयकर दाता न हो) आवेदन के लिए पात्र हैं। इस योजना के लिए आवेदक को जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, पैनकार्ड, आधारकार्ड, समग्र आइडी, राशन कार्ड, एवं आवेदक की पासपोर्ट साज की 02 फोटो एवं मोबाइल नंबर आदि द्वारा आवेदन कर सकते हैं। इस योजना में ऋष्ण बैंक के माध्यम से स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करने हेतु राशि 10 हजार से 1 लाख रूपये तक उक्त राशि ब्याज अनुदान 7 प्रतिशत 5 वर्ष के लिये देय होगा एवं गारंटी फीस म0प्र0 शासन द्वारा देय होगी।

# पैसे न देने पर छात्र की मारपीट

**मुरैना,कांस।** जौरा थाना क्षेत्र में कोचिंग के पास एक छात्र की पैसे न देने पर एक राय होकर कुछ छात्रों ने उसकी मारपीट कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गायत्री मंदिर के पीछे निवास करने वाले प्रांशु पुत्र दीपक गोयल उम्र 16 साल को आरोपी दीपू गुर्जर, अंकित गुर्जर ,मुश्ताक खां निवासी जौरा एवं तीन अन्य ने फरियादी छात्र को अरूण शर्मा के कोचिंग के पास पैसे मांगे जब उसने पैसे देने से मना कर दिया तो आरोपियो ने उसे एक राय होकर बेल्टो से मारपीट कर घायल कर दिया। थाना पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर से आरोपियो के खिलाफ बीएनएस की धारा 119(1),115(2),191(2),191(3130 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# घर से गायब हुई 13 वर्षीय नाबालिग बालिका को थाना कम्पू पुलिस ने ग्वालियर रेलवे स्टेषन से सकुषल किया दस्तयाब

**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देशानुसार ऑपरेषन मुस्कान के तहत ग्वालियर जिले में गुमशुदा नाबालिग बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त निर्देषों के परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक(मध्य) श्रीमती सुमन गुर्जर द्वारा अपने अधीनस्थ सभी थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र से गुमशुदा नाबालिग बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

**घटना का विवरणः-** फरियादी शिवम(परिवर्तित नाम) निवासी गोला का मंदिर ग्वालियर हाल- आमखो कम्पू ग्वालियर ने थाना कम्पू पर रिपोर्ट लेख कराई थी कि वह हजार बिस्तर अस्पताल के सामने ठेला लगाता है। दिनांक 11.05.2025 के सुबह चाय के ठेले पर मेरी भांजी विनीता(परिवर्तित नाम) उम्र 13 साल को बिठाकर मै सामान लेने बाजार चला गया था और जब वापस लौटकर आया तो मेरी भांजी ठेले पर नहीं थी तब मुझे मेरी ने बताया की भांजी फ्रेश होने की कहकर कमरे पर चली गई है। तब मैने उसे कमरे में देखा तो नही मिली। उसे आसपास व रिष्तेदारियों में मौहल्ले में तलाश किया तो कोई पता नहीं चला।

मेरी भांजी को कोई अजात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना कम्पू में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अप0क्र0 175/25 धारा 173(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषानुसार उक्त अपहृत बालिका की दस्तयावी हेतु थाना कम्पू पुलिस की एक टीम गठित की गई। सीएसपी इन्दरगंज श्री रोबिन जैन के मार्गदर्षन में उक्त अपहृत बालिका की दस्तयावी हेतु थाना प्रभारी कम्पू निरीक्षक मदन मोहन मालवीय के द्वारा पुलिस की एक टीम को अपहृत बालिका की दस्तयाबी हेतु लगाया गया।

दौराने विवेचना पुलिस टीम द्वारा रिष्तेदारों एवं संदेहियों से पूछताछ की गई एवं उक्त गुमषुदा नाबालिग बालिका की पतारसी हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये। दिनांक 31.05.2025 को थाना कम्पू पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना कम्पू के अपराध क्रमांक 175/25 की अपहृता रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमाक 01 के बाहर घूम रही है। सूचना की तस्दीक एवं अपहृता की तलाश हेतु पुलिस टीम को रेलवे स्टेषन भेजा गया। तलाषी के दौरान जीआरपी थाने के पास अपहृत बालिका जैसे हुलिया की लड़की दिखी जो कि थाना कम्पू के अपराध क्र 175/25 की अपहृता होने से मौके पर दस्तयाब किया गया। अपह्त्त बालिका के मिलने की परिजनों को सूचना दी गई तो परिजनों द्वारा अपह्त्त बालिका के दस्तयाब होने पर कम्पू पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया।

**सराहनीय भूमिकाः-** उक्त नाबालिग अपह्त्ता को दस्तयाब करने में थाना प्रभारी कम्पू निरीक्षक मदन मोहन मालवीय, उप निरीक्षक देवेन्द्र भगौरिया, आर. अजब सिंह, म.आर. प्रीती राठौर, म.आर. वर्ष शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

# पुलिस ने बारदात करने की नियत से खड़े दो बदमाषों को पकड़कर उसके पास से एक 315 बोर का कट्टा व तीन जिंदा राउण्ड किये जप्त

**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह (भापुसे) के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने व खरीद फरोख्त करने वालों के खिलाफअभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (पूर्व/यातायात/अपराध) श्री कृष्ण लालचंदानी(भापुसे) ने अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण कर रेंडम चेकिंग कर अवैध हथियार रखने वाले बदमाषों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार सीएसपी विष्वविद्यालय सुश्री हिना खान के कुशल मार्गदर्शन में इंचार्ज थाना प्रभारी झांसीरोड उप निरीक्षक अवधेष सिंह कुषवाह के द्वारा थाना बल की टीम को क्षेत्र में भ्रमण कर संदिग्धों की चेकिंग हेतु लगाया गया। दौराने इलाका भ्रमण दिनांक 01.06.2025 को रात में इंचार्ज थाना प्रभारी झांसीरोड को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि थाना झांसीरोड क्षेत्र में साइंस कॉलेज के गेट की बाउड्री के पास स्प्लेण्डर मोटर साइकिल लिये दो युवक अवैध हथियार सहित किसी बारदात करने की नियत से खड़े हुए हैं। उक्त सूचना पर इंचार्ज थाना प्रभारी झांसीरोड उप निरीक्षक अवधेष सिंह कुषवाह के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम मुखबिर सूचना की तस्दीक कर बदमाषों को पकड़ने हेतु मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंची वहां पर मुखबिर द्वारा बताये हुलिया के दो युवक बैठे दिखे और पास में ही स्प्लेण्डर मोटर साइकिल खड़ी हुई थी। पुलिस टीम को देखकर दोनों संदिग्धों ने भागने का प्रयास किया जिन्हे पुलिस टीम द्वारा घेरकर पकड़ लिया। पकड़े गये संदिग्धों का नाम व पता पूछने पर एक ने निवासी भरतरी, डबरा ग्वालियर तथा दूसरे ने निवासी गजापुर पिछोर ग्वालियर का होना बताया। पकड़े गये संदिग्धों की तलाषी लेने पर उनके पास से एक 315 बोर का कट्टा तथा तीन जिन्दा राउण्ड रखे मिले। उक्त आरोपियों का यह कृत्य धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय पाया जाने से थाना झांसीरोड में अप0क्र0 194/25 धारा 25,27 अर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर उनके कब्जे से एक 315 बोर का कट्टा व तीन जिन्दा राउण्ड तथा एक स्प्लेण्डर मोटर साइकिल व एक रियलमी कंपनी के मोबाइल को विधिवत् जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपियों से अवैध हथियार के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

**जप्त मषरूकाः-** एक 315 बोर का कट्टा व तीन जिन्दा राउण्ड, एक मोबाइल रियलमी कंपनी का तथा एक स्प्लेण्डर मोटर साइकिल बिना नम्बर की।

**सराहनीय भूमिकाः-** इंचार्ज थाना प्रभारी झांसीरोड उप निरीक्षक अवधेष सिंह कुषवाह, प्र.आर. देवेन्द्र सखबार, आर. कमल राजपूत, आर. श्याम जाट, आर. राममूर्ति, आर संभू गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

# आगामी माह में होगा वैष्णव समाज की नवीन कार्यकारिणी का चुनाव

## रविवार को छात्रावास भवन पर आयोजित हुई समाज की बैठक।



**श्योपुर ब्यूरो।** वैष्णव समाज विकास समिति की एक बैठक रविवार को छात्रावास भवन पर आयोजित की गई। जिसमें समाज की नवीन कार्यकारिणी का चुनाव कराने सहित विभिन्न बिंदुओं को लेकर चर्चा की गई। दोपहर 12 बजे से शुरू हुई बैठक शाम 4 बजे तक चली। बैठक की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा एडवोकेट द्वारा की गई। बैठक में कोषाध्यक्ष पुरूषोत्तम वैष्णव ने तीन साल के आय-व्यय का लेखा प्रस्तुत किया। इसके अलावा वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने के बाद नवीन कार्यकारिणी के गठित करने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित समाजबंधुओं ने निर्विरोध अध्यक्ष बनाए जाने का विचार रखा, जिसमें रामभरत बैरागी चौंडपुर, राधेश्याम वैष्णव बगदिया वाले, महंत भवानींशकर कुड़ायथा, प्रेमप्रकाश बैरागी, ओमप्रकाश वैष्णव किला के नाम प्रस्तावित किए गए लेकिन सहमति नहीं बन पाने के कारण अंत में चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। आगामी जुलाई माह में नवीन कार्यकारिणी का चुनाव कराया जाएगा। चुनाव बायलॉज के अनुसार होगा। कराया जाएगा। बैठक का संचालन महामंत्री सुग्रीव वैष्णव ने किया। इस अवसर पर बडी संख्या में सजातिय बंधु उपस्थित रहे।

**निर्वाचन अधिकारी नियुक्त**

आगामी जुलाई माह में होने वाले वैष्णव समाज के निवार्चन के लिए दीनदयाल वैष्णव बिचगांवडी, नरेंद्र वैष्णव ननावद, कैलाश नारायण वैष्णव चंद्रपुरा, शंभूदयाल कौशिक, गजानंद वैष्णव नयागांव को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। निर्वाचन अधिकारी द्वारा जल्द की चुनाव कार्यक्रम तय किया जाएगा, जिसके आधार पर चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी।

**चुनाव में भाग लेने के लिए हुआ राशि का निर्धारण**

बैठक में तय किया गया नवीन कार्यकारिणी के लिए अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और महामंत्री पद के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। इस चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रत्याशी को अध्यक्ष पद के लिए 51 हजार और कोषाध्यक्ष और माहमंत्री पद के लिए 21000-21000 रुपये की राशि निर्धारित की गई है।

नामवापसी के दिन फार्म वापस लेने वाले प्रत्याशी को राशि वापस की जाएगी, लेकिन जो प्रत्याशी चुनाव लडेगा उसे हारे या जीते ये राशि वापस नहीं की जाएगी।

# जहर खाने से किसान की मौत

**मुरैना,कांस।** बागचीनी थाना क्षेत्र के पंचा का पुरा में निवास करने वाले किसान नारायण सिंह पुत्र लोकमन कुशवाह उम्र 52 साल ने अज्ञात कारणो के चलते अपने घर पर जहर का सेवन कर लिया था, जिससे उनकी हालत खराब होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहॉ उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना पुलिस ने किसान की मौत पर मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

# भेदभाव छोड़ विश्व बंधुत्व का आदर्श मुक्ति मार्ग : मारुति दास

## 18 लोगों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प, बड़ी संख्या में वितरित हुए वस्त्र, साड़ी सूट एवं चश्मे, 258 मरीज और 35 सेवक हुए उपस्थित

**मुरैना,कांस।** मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में प्रभु श्री सीताराम जी की पूजा अर्चना, रामचरित मानस का पाठ, एवं विनय पत्रिका एवं भक्तमाल की कथा हुई इसके साथ ही 258 मरीजो ने अपना परीक्षण करा के उपचार कराया, विषय बार मरीजो की संख्या इस प्रकार रही -दन्त रोग 85 स्व- जगदीश प्रसाद गुप्ता मेडिसिन कक्ष में 73, नाक कान गला 44, सर्जरी 43, अस्थि रोग 45, नैत्र रोग 22, अन्य उक्त शिविर में विशेष रूप से निम्न कार्य सम्पादित किये गए -दांतों के सेट0, ब्लड प्रेसर की जाँच 44, ई.सी.जी 1, इंडियन डेंटल एसोसिएशन के तहत तम्बाखू, बीड़ी, सिगरेट, शराब से ग्रसित मरीज 31, नशा छोड़ने का संकल्प लिया 18, फिजियोथेरेपी मशीन से उपचार 34, एम्स में पंजीयन0 इसके अलावा स्व. अंकित जैन स्मृति दन्त चिकित्सा कक्ष मे- दांत शल्य क्रिया54, अल्ट्रासोनिक मशीन से पायिरिया का इलाज24, परमार्थ न्यास में आँखों की डिजिटल जांच की सुविधा स्व. प्रकाश शर्मा स्मृति कक्ष मे प्रारंभ हुई जिसमेङ्क आँखों की जाँच 16 एवं इलेक्ट्रिकल लैंप के माध्यम से चश्मे का नंबर प्रदान किये, निष्काम भाव से सेवको ने सेवा की। डॉ एस.के.शर्मा, डॉ बी.एल.राजपूत, डॉ दीपक बंसल, डॉ टीना अग्रवाल, प्रदीप शर्मा, सुषमा शर्मा, कस्तूरी, सरिता, ओमवती, आस्था, लक्ष्मी, गुड्डी, बबीता, राजश्री, शीतल, सलोनी, प्रेमवती, गुड्डी, आशा, गोपिक, मीरा, मनीराम, श्याम, हाकिम, रमेश बाउजी, श्रीनिवास, सुरेश महेश्वरी, दीपू तोमर, मयूर अग्रवाल, भगवान शर्मा, रामवीर, रामसिंह, घीर सिंह, महावीर, पुरुषोत्तम, रामचरण, मोहर, अभिषेक, गौरव, अंश आदि ने निन्शुल्क सेवाए प्रदान की। प्रत्येक रविवार की तरह सभी समाजसेवियो ने अपनी सेवाये परमार्थ न्यास में यथावत प्रदान की। भगवान स्वरूप में पधारे हुये सभी मरीजों ने अपना




ईलाज कराया। परमार्थ न्यास में प्रत्येक रविवार की तरह सभी सेवकों ने उपस्थित होकर पूजा पाठ रामचरितमानस पाठ भकात्मल कथा विनय के पद रामरक्षा स्त्रोत का पाठ आरती एवं संकीर्तन किया एवं श्रवण लाभ लिया। आज परमार्थ में मारुति दास पधारे आपने यहाँ पूजा में शामिल होकर रामचरित मानस पाठ भक्तमाल कथा रामरक्षास्तोत्र पाठ का श्रवण किया तथा परमार्थ न्यास के सभी सेवकों द्वारा की जा रही निःस्वार्थ सेवा का स्वरूप देखकर ह्रदय से प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा कि समस्त मानवजाति की निःस्वार्थ सेवा तथा व्यक्तिगत संबंधों एवं महत्वाकांक्षाओं के त्याग के आदर्श के कारण जाति, पंथ, वर्ग, वर्ण, वंश या स्त्री-पुरुष का भेदभाव छोड़कर विश्वबंधुत्व के आदर्श पर चलना परम ब्रह्म के साथ संपूर्ण एकरूप हो जाना है। सोते-जागते अपनी चेतना को %अहं ब्रह्मास्मि% के विचार से सराबोर करता हुआ संपूर्ण तृप्ति के साथ संसार में विचरण करना परन्तु संसार की किसी बात में लिप्त नहीं होता यही ईश्वर प्राप्ति का मार्ग हे ।केवल इसी ढंग से वह अपने जीवन को ईश्वर से जोड़ कर सार्थक कर सकता है, जिसका अर्थ होता है %स्व% या अपनी आत्मा के साथ एकरूप होने का प्रयास करने वाला। किसी विशिष्ट मार्ग, अवस्था या आध्यात्मिक गुण - जैसे प्रेम, ज्ञान, विवेक, भक्ति, सेवा, योग के द्वारा मुक्ति प्राप्त करने की उसकी आकांक्षा का द्योतक होता है। आज मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में मैने देखा कि समस्त सेवक जिस उदार भाव व वाणी से सेवा करते हैं उसे देखकर मैं ह्रदय से अपनी प्रसन्नता व्यक्त करता हूँ एवं जन मानस से आग्रह करता हूँ कि यहाँ प्रभु के दीन स्वरूप की सच्ची सेवा का लाभ ले। मैं सभी को आशीष, शुभकामनाएं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि परमार्थ न्यास के सभी सेवकों में जन मानस की सेवा सत्कर्म का भाव सदैव इसी प्रकार बना रहे। और यह सेवा सत्कर्म निरंतर चलता रहे।

**जरूरमंदो के लिए एक पहेल -**

हमारा परमार्थ न्यास एम एस रोड पर भोज भवन के सामने स्थित है हर रविवार गरीबों व जरूरतमंदो को निशुल्क उपचार, दवाईयां और कपड़े उपलब्ध कराता है। अगर किसी के घर में जो दवाईयां और कपड़े उपयोग में ना हो वो लोग गरीबों व जरूरतमंदो के उपयोग हेतु हमे प्रदान कर सकते हैं या स्वयं परमार्थ न्यास पर आकर स्वयं दान दे सकते हैं। आपकी एक पहल जरूरतमंदो के बहुत काम आएगी। सभी शहर वासियों से निवेदन है कि शव को सुरक्षित रखने हेतु डीप फ्रीजर का उपयोग आवश्यकता होने पर किसी भी समय परमार्थ न्यास से 9827090180 पर संपर्क कर किया जा सकता है।

# ऊर्जा मंत्री को ग्वालियर से प्रेम, चंबल अंचल में कभी नहीं देखने आए बिजली विभाग की हकीकत

## चंबल अंचल के लोग बिजली कटौती से परेशान, मुरैना मुख्यालय सहित तहसीलों में विद्युत कटौती ने तोड़े सभी रिकॉर्ड, जनता को लूटने में लगा विभाग



**मुरैना,कांस।** प्रदेश सरकार की कैबिनेट में कोई भी मंत्री किसी भी विभाग का हो वह पूरे प्रदेश का होता है, ऐसे ही ग्वालियर से ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर हैं द्य उनका पूरा ध्यान ग्वालियर महानगर की ओर है, जबकि पूरा चंबल संभाग उन्हें देखना चाहिए द्य ऊर्जा मंत्री रहते हुए उनके द्वारा कभी भी मुरैना में आकस्मिक निरीक्षण नहीं किया गया है, जिससे विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी मनमानी पूर्वक विद्युत कटौती कर रहे हैं और जनता का जमकर आर्थिक शोषण करने में लगे हुए हैं द्य तमाम लोगों के द्वारा कनेक्शन कटवा दिए गए और पाबती भी ले ली गई, लेकिन उसके बावजूद उनको बिल दिए जा रहे हैं द्य ऐसे उपभोक्ता मुसीबत से छुटकारा पाने के लिए विद्युत विभाग के चक्कर लगा रहे हैं और कोई सुनवाई नहीं कर रहा। इस समय मुरैना मुख्यालय एवं तहसीलों पर विद्युत कटौती में जनता को परेशान कर रखा है। शहरी एवं ग्रामीण जनता में विद्युत विभाग के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है द्य जिला मुख्यालय पर ही दिनभर बिजली की आंख मिचोली होती रहती है द्य लगातार विद्युत कटौती के कारण लोगों के उद्योग व्यापार प्रभावित हो रहे हैं, वहीं सरकारी विभागों के कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं और आम जनता को परेशानियां उठानी पड़ रही है द्य पिछ्ले कुछ महीनो से विद्युत की हालत बद से बदतर हो गई है और बिजली 1 घंटे भी नहीं रुकती है द्य विद्युत विभाग द्वारा आउटसोर्स कर्मचारी को बड़ी संख्या में विभिन्न पदों पर रख लिया गया है और तमाम आउटसोर्स कर्मचारी बिल भुगतान के लिए शहरी इलाकों में घूम रहे हैं द्य लोगों का कहना है कि यह कर्मचारी आम जनता के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं और भले लोगों पर प्रेशर बनाते हैं, जबकि जिन लोगों पर बकाया है उनके यहां कभी नहीं जाते द्य विद्युत विभाग में भ्रष्टाचार इस कदर हावी है कि लोग नए कनेक्शन लेने के लिए आवेदन देते हैं, लेकिन कई कई महीने तक उन पर कोई सुनवाई नहीं होती। लोग स्वेच्छा से कनेक्शन लेना चाहते हैं, उसके बावजूद विद्युत विभाग मनमानी कर रहा है और लोग भटक रहे हैं द्य अधिकारी कर्मचारियों के कारण विद्युत विभाग की साख पर बट्टा लग रहा है। उल्लेखनीय बात यह है कि प्रदेश के ऊर्जा मंत्री जो ग्वालियर से आते हैं और पूरे प्रदेश को उन्हें देखना है, लेकिन उनका ध्यान केवल ग्वालियर तक की सीमित है, जबकि उन्हें हर जिले में विद्युत व्यवस्था को लेकर समीक्षा करनी चाहिए द्य मुरैना जिले में विद्युत विभाग के अंदर व्याप्त अनियमितता को लेकर ऊर्जा मंत्री द्वारा कभी ध्यान नहीं दिया गया है द्य यहां बड़े पैमाने पर अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा जनता का शोषण किया जा रहा है द्य मुरैना विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा शहरी उपभोक्ताओं को लगातार परेशान किया जाता है, जबकि वह समय पर बिजली बिल का भुगतान कर रहे हैं द्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री को चाहिए कि वह जिस तरह ग्वालियर में आए दिन आकस्मिक निरीक्षण करते हैं, इस प्रकार मुरैना जिले में भी कभी-कभी आकस्मिक निरीक्षण कर विद्युत विभाग की हकीकत को जाने और जनता को भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारियों से राहत दिलाऐ।

# युवाओं ने चलाया लगातार 5 वे रविवार क्वारी नदी में सफाई अभियान



**कैलारस।** चंबल शताब्दी संगठन के तहत कैलारस के युवाओं ने कस्बे से होकर बहने वाली क्वारी नदी को पुनर्जीवित करने और उसे उसके पुराने स्वरूप में लाने की दिशा में कदम उठाते हुए आज लगातार 5 वे रविवार को पहले से भी बड़े स्तर पर प्रशासन और कुछ नए लोगों को साथ लेकर नदी को स्वच्छ करने की दिशा कार्य किया । कैलारस के युवाओं ने कस्बे से बहने वाली एकमात्र नदी जिसे क्वारी नदी के नाम से जाना जाता है, बहुत ही दयनीय स्थिति से गुजर रही है तो कुछ साहसी युवाओं ने इस नदी को पुनः इसके पुराने स्वरूप में लाने का निश्चय किया। इसके तहत आज रविवार को कैलारस के तहसीलदार श्री विश्राम बघेल जी ने नदी सफाई अभियान में इन युवाओं का दिया और उनके द्वारा किए जा रहे प्रयास की सराहना की । और साथ ही हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही तहसीलदार जो ने यह भी कहा कि अब से वो भी कोशिश करेंगे इस अभियान में साथ रहने की। नदी सफाई का कार्य हर रविवार को सुबह 7 बजे से 10 बजे तक नेपरी पुल के पास किया जायेगा। संगठन ने साथ ही शहर के लोगों से भी इस नेक कार्य में अपना योगदान देने का आह्वाहन किया है। इस कार्य में मुख्यरूप से तहसीलदार श्री विश्राम बघेल जी, भगवती उपाध्याय जी , डॉ. एवं आयुर्वेदाचार्य बी के तिवारी जी, अरुण शर्मा, पुष्पेंद्र सिकरवार, रवि सिंघल, शिवम् सिंघल, अजय तिवारी, सौरभ मुद्गल जी आदि अन्य लोगों की भूमिका प्रमुख रही। अब अगले रविवार को और विस्तारित योजना के साथ कार्य किया जायेगा।

# मध्य प्रदेश शिक्षक संघ का संभागीय निर्वाचन संपन्न

## राघवेंद्र सिंह धाकरे बने मुरैना से संभागीय सचिव



**मुरैना,कांस।** शासकीय मॉडल स्कूल मुरैना में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ का संभागीय निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हुआ जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती का माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई । निर्वाचन अधिकारी अनिल सिंह मुक्तावत सीहोर से एवं पर्यवेक्षक दिनेश शर्मा गुना की उपस्थिति में निर्वाचन संपन्न हुआ जिसमें संभागीय अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भिंड से, राघवेन्द्र सिंह धाकरे संभागीय सचिव मुरैना से, महेश कुमार गुप्ता संभागीय कोषाध्यक्ष मुरैना से, संभागीय उपाध्यक्ष सत्यभान सिंह भदोरिया भिंड से,दिनेश सिंह भदोरिया संभागीय सहसचिव भिंड से, निर्विरोध निर्वाचित हुए ।आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधि प्रकोष्ठ प्रभारीश्यामवीर सिंह राठौड़, जिला अध्यक्ष पवन सिंह परिहार, जिलासचिव राम अवतार सिंह सिकरवार, जिलाअध्यक्ष भिंड श्याम सिंह भदोरिया,जिला उपाध्यक्ष जयकुमार सिंह जादौन, देवेंद्र सिंह सिकरवार पंकज शर्मा भिन्ड कोषाध्यक्ष,भिंड उपाध्यक्ष दिनेश भदोरिया ,प्रशांत परिहार जितेंद्र कुमार शर्मा,अमित शर्मा कुलदीप सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत उरहेरा में लगाया गया इंटीग्रेटेड स्वास्थ्य परामर्श एवं परिक्षण शिविर

## इंटीग्रेटेड हेल्थ कैंप में की गई एचआईवी, सिफलिश, हेपेटाइटिस बी, सी की जांच एवं टी वी की स्क्रीनिंग



**जौरा।** मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल के आदेशानुसार जिले भर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पद्मेश उपाध्याय एवं नोडल अधिकारी जिला एड्स नियंत्रण समिति मुरैना डॉ नरेन्द्र उपाध्याय के मार्गदर्शन में जिले भर में लगाय जा रहे इंटीग्रेटेड हेल्थ कैंपों के तहत दिनांक 31 मई को ग्राम पंचायत उरहेरा में इंटीग्रेटेड हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम की सरपंच श्रीमती सुमन जोनवार, मेडिकल ऑफिसर डॉ आर बी शर्मा, आईसीटीसी के परामर्शदाता संदीप सेंगर,मनीकांत शर्मा,लैब टेक्नीशियन श्री वीरेंद्र बंसल,क्षय इकाई से एस टी एस दिनेश पचौरी, एस टी एल एस रणवीर गोयल,सी एच ओ रामवीर बांदिल, एएनएम श्रीमती श्वेता सोलंकी,आशा सहयोगिनी श्रीमती इंदिरा राजपूत एवं वन स्टॉप सेंटर के सेंटर मैनेजर गंगाराम बंजारा, टी आई परियोजना के काउंसलर सोनू सिकरवार ओ आर डब्लू शिवम चौहान, कु अनमोल, विहान संस्था की ओ आर डब्लू श्रीमती दीपा खरे एवं पी आर श्रीमती नसीम खान तथा आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताएं मौजूद थी । शिविर में डॉ आर बी शर्मा द्वारा उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उचित मार्गदर्शन प्रदान कर उन्हें दवाइयां वितरित की गई वहीं श्रीमती श्वेता सोलंकी एएनएम द्वारा उपस्थित लोगों की बीपी की जांच की गई तथा लैब टेक्नीशियन श्री वीरेंद्र बंसल द्वारा लगभग 60 से अधिक लोगों की एचआईवी सिफलिस एवं हेपेटाइटिस बी एवं सी की जांच की गई तथा एस टी एस दिनेश पचौरी द्वारा लोगों की टीवी की स्क्रीनिंग की गई इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सिविल हॉस्पिटल की टीम द्वारा एचआईवी एड्स टीवी आदि के बारे में उचित मार्गदर्शन प्रदान कर उन्हें जागरूक किया गया ।

# हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा-2025 के आवेदन-पत्र भरने की तिथि 8 जून तक बढ़ी

**मुरैना,कांस।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन-पत्र भरने की तिथि 8 जून तक बढ़ा दी गयी है। पहले यह तिथि 31 मई 2025 तक निर्धारित की गयी थी। सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने बताया कि हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों के लिए 8 जून 2025 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन करने का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने के लिये पूर्व में जारी किये गये निर्देश यथावत लागू रहेंगे।

# टीएल बैठक 2 जून को

**मुरैना,कांस।** कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में टीएल बैठक 02 जून, 2025 को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित होगी। बैठक में समस्त अधिकारी समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# बस की टक्कर से राहगीर की मौत

**मुरैना,कांस।** टेंटरा थाना क्षेत्र में बस की टक्कर से एक राहगीर की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पर्वतपुरा में निवास करने वाले अनेक सिंह पुत्र निहाल सिंह सिकरवार उम्र 48 साल ठाकुर बाबा के मंदिर के पास मोड पर जा रहा था कि तभी बस क्रमांक एमपी06 टी 0504 के चालक ने बस को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे राहगीर की मौत हो गई। थाना पुलिस ने फरियादी पंकज पुत्र अनेक सिंह सिकरवार की रिपोर्ट पर से आरोपी बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# ओबीसी महासंघ के जिला अध्यक्ष बने धाकड़



**कैलारस।** नगर में रहने वाले राजेश धाकड़ को ओबीसी महासंघ का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। धाकड़ की यह नियुक्ति संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष रूपेश सिंह यादव ने वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति पर की है। जिला अध्यक्ष का दायित्व मिलने पर धाकड़ ने कहा है कि वे संगठन की नीति व सिद्धांतों के अनुरूप संगठन न केवल संगठन का विस्तार करेंगे, बल्कि समाज की चुनौतियां व समस्याओं के लिए हमेशा संघर्षरत रहेंगे। धाकड़ के जिला अध्यक्ष बनने पर रणवीर धाकड़, वीरेंद्र धाकड़, बंटी यादव, सोनू गादीपुरा, बनवारी धाकड़, मौनू गौड़, सुरेश धाकड़, संजय धाकड़, आशू सिकरवार, जितू जौदौन आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

# सर्पदंश से महिला की मौत

**मुरैना,कांस।** पहाडगढ थाना क्षेत्र के गूड बैरारा में एक महिला की सर्पदंश से मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बूड बैरारा में निवास करने वाली महिला श्रीमती फूलवती पत्नी रामदयाल धाकड उम्र 57 साल अपने घर के पास गृह कार्य में लगी थी कि उसी समय उसे किसी जहरीले सर्प ने डस लिया जिससे उसकी हालत खराब होने पर उसे जयारोग्य चिकित्सालय ग्वालियर में भर्ती कराया गया था, जहाँ महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई।

# बिजली कंपनी का उपाय ऐप हुआ अपग्रेड

## बिजली उपभोक्ता अब पेन कार्ड के जरिए भी करा सकेंगे ई-केवायसी

**मुरैना,कांस।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को अनेक सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई गई हैं। कंपनी ने बिजली उपभोक्ता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कंपनी के उपाय ऐप को अपग्रेड कर दिया है। अब बिजली उपभोक्ता कंपनी के उपाय ऐप से घर बैठे ही अपने बिजली कनेक्शन से संबंधित अनेक सुविधाओं का लाभ केवल एक ऐप के माध्यम से ही उठा सकते है। कंपनी ने उपाय ऐप को अपग्रेड कर समग्र आईडी के साथ ही पैन कार्ड के माध्यम से भी ई-केवायसी करने की सुविधा उपलब्ध करवाई है। उपभोक्ता परिसरों में स्थापित स्मार्ट मीटर में बिजली खपत की जानकारी को देखने के साथ ही बिजली रीडिंग, बिलिंग, चेकिंग और अन्य बिजली संबंधी कार्यवाही के लिए उपभोक्ता परिसर में आने वाले बिजली कार्मिकों की पहचान हेतु एम्पलाई वेरिफिकेशन संबंधी फीचर भी उपलब्ध कराया है। उपभोक्ता अब उपाय के माध्यम से कंपनी के अधिकृत कर्मचारी की पहचान हेतु उससे कर्मचारी नंबर पूछकर उपाय एप के एम्पलाई वेरिफिकेशन फीचर के माध्यम से देख सकेंगे और अनधिकृत व्यक्ति तथा जालसाजों द्वारा बिजली कार्मिक बनकर किये जाने वाले धोखे से भी बच सकेंगे। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने कहा है कि बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति और उपभोक्ता सेवाएं प्रदान करना कंपनी का प्राथमिक दायित्व है और इसी क्रम में कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए उपाय ऐप को अपग्रेड किया गया है। इससे उपभोक्ता अब आसानी से अपने बिजली बिलों के भुगतान के साथ ही कनेक्शन संबंधी अन्य सेवाओं जिनमें बिल भुगतान, नवीन कनेक्शन आवेदन, बिल कंप्लेंट, पॉवर कंप्लेंट, कंप्लेंट स्टेट्स, बिल कैल्कुलेटर, बिजली चोरी की सूचना (इनफॉर्मर स्कीम), नेट मीटरिंग (सोलर रूफटॉप), विजिलेंस बिल भुगतान, ई-केवायसी, स्मार्ट मीटर खपत विवरण जैसी अनेक सुविधाओं का लाभ अब एक ही प्लेटफॉर्म पर उठा सकेंगे। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है वे गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध उपाय ऐप को डाउनलोड कर बिजली संबंधी सेवाओं का लाभ उठाएं।

# अ. जा./जन जाति के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओ का सम्मान समारोह सम्पन्न

## 85 परसेंट से अधिक अंक लाने वाले 200 छात्र छात्राओं का हुआ सम्मान




**मुरैना,कांस।** हाई स्कूल /हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अ.जा./अ.ज.जा के 85त्न या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 200 प्रतिभाशाली छात्र/छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन गत रविवार को प्रबुद्धजन शिक्षा प्रसार समिति मुरैना के द्वारा किया गया, जिसमें प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी, मेडल ,प्रशस्ति पत्र, भारतीय संविधान की एक-एक पुस्तक एवं परम पूज्य बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र की तस्वीर, सम्मान स्वरूप प्रदान की गई। समाज के प्रबुद्ध एवं बुद्धिजीवी लोगों के द्वारा भविष्य के कर्ण धारों को शिक्षा के महत्व को समझा कर उच्च शिक्षा के लिए मार्गदर्शन दिया गया. एवं सभी छात्र-छात्राओं को संस्कारवान बनाने का संदेश दिया। जिसमें हमारे धम्म गुरु पूज्य भन्ते श्रद्धा तिलक जी, एवं मुख्य अतिथि- डॉ. दिलीप कटारे प्रोफेसर शासकीय पीजी कॉलेज मुरैना विशिष्ट अतिथि- अमर सिंह बंसल प्राचार्य ग्वालियर, महावीर एन बौद्ध मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद कार्यालय मुरैना, रामदीन राही( से.नि.) प्रधानाध्यापक, भगवान लाल अर्गल प्रधानाध्यापक, वीरेंद्र सिंह कनेरिया,ष्छश्वह्र,मुंशीलाल मौर्य (से. नि.) इंस्पेक्टर दिल्ली, धनीराम बित्तल अधीक्षक,समारोह की अध्यक्षता - इंजि. रामप्रसाद अग्निहोत्री द्वारा की गई सचिव - जगजीवन राम सैमिलअधीक्षक मकार्यक्रम का संचालन- मुरारी लाल निगम शिक्षक के द्वारा किया गया। सम्मान समारोह लोकेंद्र सिंह बित्तल, रामदास नरवरिया मलखान सिंह चौबे, बेताल सिंह निगम, अशोक निगम, महेंद्र सिंह अर्गल, जण्डेल सिंह कौशल, चेतराम सोलंकी, परिमाल सोलंकी,भारत सिंह सैंमिल, रामवीर सिंह बड़ेरिया, राम अवतार सुमन, जितेंद्र खरे, शैलेंद्र पटवारी, राम लखन जगनेरी, दीपक बौद्ध पत्रकार, हाकिम सिंह नंदा जी पत्रकार, पवन माथुर जी पत्रकार,सुनील मौर्य जी पत्रकार, वीरेंद्र नेगी जी पत्रकार, ममता जारोलिया,उत्तम सिंह सेवर, डॉ नेतराराम चौबे, रमेश चंद्र राजोरिया, अवतार सिंह अर्गल, डॉ एम एल खरे,जसराम बासिया, पूरन सिंह सैंमिल, राजेंद्र निगम, दिनेश कुमार जालौन, प्रदीप मावई, रामवीर सिंह उच्चारिया,धर्मवीर सिंह भारती, बी. एम. सर्जन, जण्डेल सिंह पलेरिया, राम प्रकाश सनेहिया, विनोद सिंह भानपुर, मुनेश बरौलिया, पुष्पा गोयल, रेखा टैगोर, बेटी बाई, सुरेंद्र सिंह माहौर, केशव सिंह सेठ जी,दिलीप इंदौलिया, देशराज बंसल, अशोक कुमार खरे, विनोद कोटिया, डॉ मनीष बौद्ध, इंजी मुन्नालाल मित्तल, गिरिजा देवी सोलंकी, प्रेमराज सोलंकी, राजेंद्र सोलंकी, सोनू वासिया, परिमाल सिंह सैमिल, बीरबल सिंह टैगोर, कमलेश सुमन पटवारी, उत्तमचंद सोनी, महेंद्र सोनी, चंदन सिंह तित्तल, सतेंद्र सोनी, सोनू टैगोर, बनवारी लाल माथुर नवल सिंह पचोरिया, फेरन सिंह राजोरिया,पुरुषोत्तम सोनी, धर्मेंद्र सिंह सैमिल, राम अवतार सैमिल,सरनाम सिंह सोलंकी, संदीप पचौरी, श्रीनिवास चतुर्वेदी, मण्डल सिंह बाजोरिया, संदीप राय, अजय पचौरिया, बीरबल सिंह उमरैया, रविराज सोलंकी, लाखन? सिंह मौर्य, गिरिजा बौद्ध, गोविंद बौद्ध, लाखन सिंह अर्गल ,विष्णु सोलंकी, रामेश्वर दयाल टैगोर, अशोक कुमार, सभाराम अग्निहोत्री, गीता मूढौतिया ,सुरेश कुमार मित्तल, नरेश करौरिया,गयादीन कौशल, कृष्णपाल जालौन, आशाराम पटवारी, विशंभर सिंह बंसल, जितेंद्र मैकाले, डी.आर. नागोरिया, विष्णु अर्गल सचिव, बाल किशन, सीताराम माहौर,बादशाह सिंह, अनिल चंद्रा, भागीरथ लाहोटी, उदयभान सिंह, कमल सिंह टैगोर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे जिन्होंने प्रतिभा सम्मान समारोह में सहभागिता निभाकर भरपूर सहयोग प्रदान किया किया।



# सहायक उप निरीक्षक राजावत का सेवानिवृत्ति पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## सहायक उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह का कार्य सराहनीय रहा- रवि सोनेर



**कैलारस।** थाना कैलारस में पदयस्त सहायक उपनिरीक धर्मेंद्र राजावत के सेवानिवृत्ति होने पर कैलारस थाने में कार्यक्रम का हुआ आयोजन वही सभी ने कहा कि सहायक उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह राजावत के कार्य की प्रशंसा की जाए उतनी कम। कैलारस थाने पदयस्त सहायक उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह का थाना परिसर में सेवानिवृत्ति कार्यक्रम के दौरान एसडीओपी रवि सोनेर एव थाना प्रभारी सहित उपस्थित स्टाफ, समाज सेवी, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों ने सहायक उपनिरीक्षक धर्मेंद सिंह को पुष्प माला पहनाकर, शॉल श्रीफल स्मृति चिन्ह से स्वागत किया वहीं एसडीओपी रवि सोनेर एव थाना प्रभारी वीरेश कुशवाह ने कहा कि कैलारस थाने में पदयस्त सहायक उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह का लागभग 43 साल का कार्य काल में लागभग 4 साल का कार्यकाल कैलारस थाने में रह रहा वही शासन की प्रक्रिया अनुसार उनकी सेवानिवृत्ति का आदेश हुआ है उनके कार्य की जितनी भी प्रशंसा की जाए उतना कम है कार्य के प्रति हमेशा जिम्मेदार रहे हैं वही उप निरीक्षक संतोष गौतम ने कहा कि उम्र के हिसाब से सहायक उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह राजावत कार्य के प्रति हमेशा जिम्मेदार रहे हैं उन्हें जो भी जिम्मेदारी मिली है उसको उन्होंने हमेशा निष्ठा से निभाया है कार्य के प्रति जिम्मेदार रहे हैं वही सहायक उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह राजावत ने कहा कि में मैं लगभग तीन-चार साल इस थाने में पदयस्त रहा मुझे कभी भी परिवार की कमी महसूस नहीं हुई यह मेरे लिए मेरा स्टाफ नहीं मेरा परिवार है आप सभी लोगों ने जो स्नेह एवं कार्य के प्रति मेरा हमेशा सहयोग दिया उसे में भुला नही सकता समय-समय पर मैं थाने पर आता रहूंगा यह मेरा परिवार है ।

वही कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी वीरेश कुशवाहा उपनिरीक्षक संतोष गौतम,शुरेश चंद मिश्रा हिमांशु यादव, शैलेन्द्र सिंह चौहान सहायक प्रधान आरक्षक पंचम सिंह, बदन सिंह, दातार सिंह, आरक्षक रवि यादव, ब्रजराज, विष्णु शर्मा, सुरेंद्र, विकाश शर्मा, भूपेन्द्र,रोहित,ब्रजराज, अमर सिंह जादौन, गजेंद्र तोमर सोनू पाराशर, जुनेद पठान ललित तोमर द्य ऋषिकेश उपाध्याय, सतेंद्र सिकरवार, सुनील मोर्य, लोकेश शुक्ला, , सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एक शपथ, लाखों जिंदगियाँ: भोपाल में हुआ एंटी-टोबैको कॉन्क्लेव





## भोपाल से शुरू हुआ जन आंदोलन - तंबाकू के खिलाफ एकजुट हुआ समाज

**भोपाल,ब्यूरो।** ग्लोबल वेलफेयर स्माइल फाउंडेशन÷ द्वारा एंटी टोबैको कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। समन्वय भवन भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को तंबाकू से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। डॉ. पूजा त्रिपाठी के नेतृत्व में चलाए गए इस मिशन को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया – यह प्रदेश में स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। कॉन्क्लेव में स्वास्थ्य सेवा के योद्धाओं को सम्मानित कर एक प्रेरणादायक संदेश दिया गया।

उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने एक साफ और साहसिक संदेश देते हुए कहा कि नशे की आदत छोड़ना आसान नहीं, लेकिन संकल्प और लक्ष्य के साथ यह संभव है। 42,000 लोगों द्वारा तंबाकू छोड़ने की शपथ को उन्होंने जान बचाने का अभियान करार दिया और कहा कि जब समाज मिलकर कार्य करता है, तभी असली परिवर्तन आता है। श्री देवड़ा ने यह भी कहा कि नशा एक व्यक्ति की नहीं, पूरे परिवार की पीड़ा का कारण बनता है। इसीलिए इस पर नियंत्रण आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने समाज को एक स्पष्ट संदेश दिया कि ÷नशे की आदत लगना आसान है, लेकिन उससे छुटकारा पाना बेहद कठिन। जागरूकता और सतत प्रयासों की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वेलफेयर स्माइल फाउंडेशन द्वारा एक दिन में 42,000 लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई है। उन्होंने शपथ को सामाजिक परिवर्तन की चिंगारी बताया और कहा कि अब हर एक को 1000 और लोगों तक यह संकल्प पहुँचाना होगा।

श्री राजेंद्र शुक्ल ने चेताया कि अगर आने वाली पीढ़ी नशे की गिरफ्त में चली गई, तो 2047 तक भारत को विश्व की आर्थिक शक्ति बनाने का सपना अधूरा रह जाएगा। ऐसे में इस अभिमान को सफल बनाने में सबकी सहभागिता आवश्यक है। कार्यक्रम में डेनासिया ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन श्री पी.के. त्रिपाठी ने कहा कि नशा समाज ही नहीं देश की एक जटिल समस्या है, जिससे निपटने के लिए नशा मुक्ति के अभियान में सबको एक साथ मिलकर आगे आना होगा। ग्लोबल वेलफेयर स्माइल फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. पूजा त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेशवासियों को तंबाकू की लत से मुक्त करना और उन्हें इसके दुष्परिणामों जैसे मुख कैंसर के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 12 मई से निरन्तर अभियान चलाकर लोगों को शपथ दिलाई गई। साथ ही तंबाकू से होने वाले नुकसान को लेकर भी जागरूक किया गया। यह तंबाकू निषेध संकल्प कार्यक्रम केवल एक औपचारिकता नहीं था, बल्कि यह एक जन आंदोलन है जो लोगों को तंबाकू जैसे जानलेवा व्यसन से दूर करने का संदेश देता है। कार्यक्रम में विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय भी उपस्थित थे।


# संडे साइकिल रैली में युवाओ ने लिया बढ़ चढ़ कर भाग




**मुरैना,कांस।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत संचालित मेरा युवा भारत मुरैना के जिला युवा अधिकारी आशुतोष साहू के निर्देशानुसार फिट इंडिया का संदेश देने हेतु जिले के एस ए एफ पुलिस ग्राउंड मुरैना से संडे साइकिल रैली का शुभारंभ किया गया। संडे साइकिल रैली के मुख्य अतिथि जिला पुरातत्व अधिकारी अशोक शर्मा जी एवं पत्रकार यदुनाथ सिंह तोमर जी एवं फुटबॉल संघ के सचिव रामचंद्र सिंह तोमर सेव निवृत्त इंस्पेक्टर श्री एच के पाठक राम अवतार शर्मा शिक्षक ओम वीर प्रजापति शिक्षक जी ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया जो शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई एस एफ पुलिस परेट ग्राउंड पर समापन हुआ। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शर्मा जी ने बताया कि साइकिल चलाने से शरीर के सभी भाग स्वतः ही क्रियाशील हो जाते है, जिससे व्यायाम करने जैसा अनुभव होता है। साइकिल चलाने से ह्रदय की मांसपेशिया भी मजबूत होती है।

अतः हम अगर सुबह कोई व्यायाम करने के लिए समय नहीं निकाल पा रहे है तो एक घंटा बस साइकिल चलाये, तो हमारा शरीर स्वास्थ्य रहेगा। मेरा युवा भारत मुरैना के रामविलास शर्मा ने बताया कि यह संडे साइकिल रैली जिले के ब्लॉक स्तर ग्राम स्तर पर युवा मंडलों के सदस्यों द्वारा फिट इंडिया का संदेश लेकर आयोजन किया जा रहा है, जिसमें युवाओं को स्वस्थ एवं अच्छे जीवन शैली अपना ने के लिए स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन साइकिल चलाना आवश्यक है। इस अवसर पर रामचंद्र तोमर राम अवतार शर्मा एवं अन्य युवा छात्र-छात्राओं ने साइकिल रैली में भाग लिया युवाओं को जागरूक करने के लिए बताया गया युवा प्रतिदिन एक घंटा साइकिल चलाकर स्वस्थ रहने के लिए ग्राम स्तर के युवाओं को प्रेरित करें। गौतम यादव, बृजमोहन, बृजकांत परमार ,विवेक तोमर ,अजय सिंह जादौन ,सुनील यादव ,उमेश मिश्रा राघवेंद्र तोमर , बंटी इरफान अली ,रोहित इंदौरिया , कमल किशोर ,सनी सिकरवार , योगेश सोलंकी ,अमित सिकरवार, गोलू सविता ,प्रखर गोयल ,आदित्य सिंह , अनुज बघेल, रुद्र प्रताप सिंह तोमर, सूर्य प्रताप सिंह तोमर ,देवांश, रॉबिन, उमेंद्र भदोरिया, सुमित, हर्षित तोमर, विनय प्रजापति, ध्रुव सिकरवार ,यश तोमर, धैर्य सिकरवार, अन्य शर्मा, बनिया भदोरिया ,दिव्यांशी शर्मा, रिंकी लखेरा, वैष्णवी सिकरवार ,समीक्षा सिकरवार ,शालिनी , रानी, नव्या खान , यशका तोमर, दिलासा शर्मा, वंशिका राजावत, आयुषी , शिवेंद्र तोमर निर्मल गोयल, यशवर्धन यादव ,आयुष भदोरिया, सूर्यन द्विवेदी ,दश सिकरवार, देव कुशवाहा, अभिषेक तोमर ,उत्कर्ष शर्मा ,उत्कर्ष दंडोतिया ,भव्य शर्मा, शिव प्रताप, राघव ,अमन शर्मा, प्रिंस, सेलू, शशांक , वैभव शुक्ला, रोहित प्रजापति

# मेहगांव में भुमिया सरकार पर चल रहा महायज्ञ, पंचम दिवस की कथा में उमड़ी हजारों की संख्या में भीड़





**मेहगांव।** मेहगांव नगर के श्री भुमिया सरकार पर अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता देवी चित्रलेखा जी के श्रीमुख से चल रही श्रीमद भागवत महापुराण की पंचम दिवस की अमृतमयी कथा श्रवण करने हजारों की संख्या में श्रद्धालु कथा पंडाल में उपस्थित रहे। आज की दिव्य अमृतमयी कथा का रसपान करने दंदरौआ सरकार के महंत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री रामदास जी महाराज, भुमिया सरकार के महंत भगवती दास महाराज, पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, सुकर्ण मिश्रा, पूर्व मंत्री ओपीएस भदोरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया, समाजसेवी अशोक भारद्वाज, जिला अध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया जिला उपाध्यक्ष रज्जन सिंह भदौरिया संपादक महेश चौधरी,जलज त्रिपाठी पत्रकार, पुरुषोत्तम राजोरिया पत्रकार, श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश त्यागी राकेश चौधरी पार्षद, राजेश व्यास,महेश कौरव आदि ने कथा का रसपान किया।

**भागवत कथा से दिया सामाजिक समरसता का संदेश - महंत भुमिया सरकार**

श्रीमद भागवत महापुराण के महंत हरिओमदास महाराज ने बताया कि भागवत कथा के माध्यम से हम जनमानस के बीच सामाजिक समरसता का भी संदेश दे रहे है। यहाँ सभी जाति भेद को भुलाकर सर्व समाज इस महायज्ञ में अपनी भूमिका का निर्वहन करे। यहां हर दिन लाखों की संख्या में लोग एक दूसरे से बिना जाति पूछे एक साथ जमीन में बैठकर प्रसादी ग्रहण करते है तथा सर्व समाज के लोग ही भंडारे की परोस व्यवस्था में लगे है।

**देवी चित्रलेखा जी के द्वारा की जा रही हजारों घायल गायों की सेवा**

पूज्य देवी चित्रलेखा जी के द्वारा 26 मई 2013 को गौ सेवा धाम हॉस्पिटल स्थापित किया गया। जो हरियाणा के पलवल जिले के होडल क्षेत्र में NH-w के पास स्थित है। यह अस्पताल World Sankirtan Tour Trust के अंतर्गत संचालित होता है और लगभग 5-6 एकड़ भूमि पर फैला हुआ है। इस हॉस्पिटल की प्रेरणा एक दिन देवी चित्रलेखा जी ने सड़क किनारे एक घायल गौ माता को देखा, जिसकी स्थिति अत्यंत गंभीर थी। इस घटना से प्रेरित होकर उन्होंने बीमार और घायल गौ माताओं के लिए एक समर्पित चिकित्सालय की स्थापना का संकल्प लिया। जिसके बाद गौ सेवा धाम हॉस्पिटल में ही विशेष वार्ड्स बनाये गया जहाँ अस्पताल में विभिन्न आवश्यकताओं के लिए अलग-अलग वार्ड्स हैं, जैसे कि ICU, कैंसर वार्ड, तीन टांगों वाली गायों के लिए वार्ड, अंधी गायों के लिए वार्ड, और सामान्य वार्ड। अन्य पशुओं के लिए भी वार्ड है जैसे बंदर, खरगोश, हिरण, कुत्ते आदि घायल पशुओं के लिए भी एक विशेष वार्ड उपलब्ध है। वही हॉस्पिटल में पशुओं के लिये आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ जैसे अस्पताल में अत्याधुनिक X-ray मशीन, ऑपरेशन थिएटर, पैथोलॉजी लैब और मेडिकल स्टोर हैं। वही देवी चित्रलेखा जी के द्वारा 5 हाई-टेक एम्बुलेंस उपलब्ध हैं, जो हाइड्रोलिक सिस्टम से सुसज्जित हैं, जिससे घायल गायों को आसानी से अस्पताल लाया जा सकता है। अस्पताल में लगभग 80 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें 3 M.V.Sc डॉक्टर, 14 पशु चिकित्सा सहायक, 30 गौ सेवक, और अन्य प्रशासनिक कर्मचारी शामिल हैं। यह टीम 24 घंटे सेवा में तत्पर रहती है। अस्पताल में आगंतुकों और कर्मचारियों के लिए भोजनालय और आवास की व्यवस्था है।

# बिजली कटौती के खिलाफ कांग्रेस का रोशनीघर पर धरना प्रदर्शन 10 जून को, तैयारियों को लेकर बैठक हुई

## बिजली समस्या और बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलने से परेशान है जनता : विधायक डॉ सिकरवार



**ग्वालियर।** शहर में हो रही आघोषित बिजली कटौती एवं खराब ट्रांसफार्मर नहीं बदलने, मेंटेनेंस के नाम पर इस भीषण गर्मी में 8-8 घंटे की जा रही बिजली कटौती से आम जनता भारी परेशानी से जूझ रही है। बिजली की इस अव्यवस्था के विरोध में कांग्रेस पार्टी विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में बिजली विभाग के मुख्य कार्यालय रोशनी घर पर दिनांक 10 जून को सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक धरना प्रदर्शन करेगी। इस आशय का निर्णय आज ललितपुर कॉलोनी स्थित विधायक कार्यालय पर हुई बैठक में लिया गया। साथ ही 22 जून को मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह पर भी चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कहा कि बिजली की कटौती से शहर भर में हाहाकार मचा हुआ है। आज आम आदमी खराब स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के कारण मरीज परेशान है। दवाएं और इलाज नहीं मिल रहा है। बुनियादी सुविधाओं में पानी, बिजली, सड़क एवं सीवर की व्यवस्थाएं पूरी तरह दम तोड़ चुकी है। गली-गली में आम आदमी परेशान हैं। सड़कों पर अंधेरा छाया हुआ है। बेरोजगारी एवं महंगाई ने आम आदमी और युवाओं की कमर तोड़ दी है। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि ''पानी, बिजली दे ना सकी, वो सरकार निकम्मी है और जो सरकार निकम्मी है वह सरकार बदलनी है'' के नारे को बुंलद करते हुए सड़को पर लगातार संघर्ष करना होगा। आमजन के बीच रहकर हमें आपस में मिलकर जनससमयाओं का निराकरण कराना है, इसके लिए धरना-प्रदर्शन आंदोलन जारी रखना है। बैठक में ग्रामीण अध्यक्ष प्रभुदयाल जौहरे ने कहा कि ऊर्जा मंत्री को नींद से जगाने के लिए होने वाले धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों को शामिल होना है। कांग्रेस प्रवक्ता राम पाण्डे समेत अन्य वक्ताओं ने कहा कि भाजपा की करनी व कथनी को उजागर करना है। आज मंहगाई, बेरोजगारी और बिजली की समस्या से हर आदमी त्रस्त है। वक्ताओं ने कहा कि 'मंत्री मस्त हैं और जनता त्रस्त है' इसलिए भाजपा के खिलाफ सड़कों पर संघर्ष तेज किया जाएगा। मंच पर एवं बैठक में वरिष्ठ नेता प्रेमसिंह यादव, श्रीमती वीणा भारद्वाज, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, महादेव अपोरिया, अनूप शिवहरे, देवेन्द्र चौहान, एम.आई.सी सदस्य एवं पार्षद अवधेश कौरव, सुरेन्द्र साहू, प्रमोद खरे, अंकित कठठ्ल, के.के. शर्मा, सुरेश प्रजापति, प्रमोद जैन, सुधीर मण्डेलिया, जीतू कुशवाह, बृजेश शर्मा, श्रीनिवास गुर्जर 'घल्लो', सतेन्द्र नागर, के.पी. सिंह भदौरिया, राजेन्द्र परिहार, डॉ. कमलेश इंदौरिया, छोटू मण्डेलिया, डब्बू खान, राजेन्द्र राठी, गोविन्द राव थौराठ, अभय कुमार सिंह, अनिल शर्मा 'बिट्टू', मिक्की तोमर, लोकेन्द्र प्रजापति, श्रीमती राजकुमारी साहू, श्रीमती हेमलता प्रजापति समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोहः-**

शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार द्वारा 22 जून को शाम 5 बजे जी.वाय.एम.सी क्लब में होने वाले कक्षा 10 व कक्षा 12वीं के मेधावीं छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक में चर्चा की गई। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं को फार्मों का वितरण भी किया गया। कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुये विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कहा कि सम्मान समारोह में जिन भी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जायेगा ,उसमें इस वर्ष कक्षा 10 व 12वीं में उनके अंक 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक होना आवश्यक है। इसके साथ ही फार्म वितरण के लिये चयनित 7 स्थानों के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि छात्र-छात्रा इन स्थानों से फार्म प्राप्त कर सकते है।

# एक पेड़ मां के नाम 2.0'- लगाए जाएंगे 2.75 करोड़ पौधे

**रायपुर, कासं.।** 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान के तहत प्रदेश में करीब दो करोड़ 75 लाख से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। पौधों की उपलब्धता वन विभाग के नर्सरियों और विभागीय स्त्रोतों से सुनिश्चित की जाएगी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने बैठक में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की समीक्षा की। बैठक में अभियान के तहत शासकीय विभागों द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वृक्षारोपण के निर्देश दिए गए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक में अधिकारियों से 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान के तहत जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण करने वालों को उस पौधे के ग्रोथ की निगरानी से जोड़ें, जिससे वृक्षारोपण के वास्तविक लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के विभिन्न इंजीनियरिंग महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और अन्य महाविद्यालयों से अनेक लोग निकलकर आज कामयाबी के शिखर पर हैं। इन सभी संस्थाओं को ऐसे लोगों को संस्था में वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान अवश्य आमंत्रित करना चाहिए। नगरीय निकायों में शहरों के बड़े व्यवसाईयों, उद्योगपतियों और अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में वृक्षारोपण कराया जाना चाहिए। उप मुख्यमंत्री साव ने स्कूलों में वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने वालों की भागीदारी सुनिश्चित करने और सभी को वृक्षारोपण के दौरान रोपे गए पौधों के ग्रोथ की भी जानकारी देना सुनिश्चित करने को कहा।

**5 जून से शुरू होगा अभियान**

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने वृक्षारोपण में महत्वपूर्ण सहयोग देने वाले लोगों को 15 अगस्त और वानिकी दिवस पर सम्मानित किए जाने की बात कही। उन्होंने आगामी पर्यावरण दिवस 5 जून को होने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रमों में व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने वृक्षारोपण अभियान के दौरान कलेक्ट्रेट परिसरों, राष्ट्रीय राजमार्गों, पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों, औद्योगिक क्षेत्रों, माइनिंग परिसरों, जल स्त्रोतों के आसपास, स्कूल परिसरों तथा अन्य संस्थाओं एवं स्थानों को चिन्हित कर व्यापक कार्ययोजना के तहत कार्य करने को कहा।

**सभी विभाग के अधिकारियों से सहयोग की अपील**

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने वृक्षारोपण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी विभागों के अधिकारियों को समन्वय एवं सहयोग से कार्य करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में स्कूल शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, लोक निर्माण, आवास एवं पर्यावरण, नगरीय प्रशासन एवं विकास, खनिज, पर्यटन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन एवं जलवायु परिवर्तन और जल संसाधन विभाग द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में प्रस्तुतिकरण दिया गया।

# समाज निर्माण के लिए कृष्ण-सुदामा का भाव रखकर करनी होगी साधना

## अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत रहें तो सफलता अवश्य मिलती है: डा. राजकुमार आचार्य



ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलपति डा. राजकुमार आचार्य ने कहा कि मानव जीवन में हम कितना भी पद, प्रतिष्ठा, धन वैभव का अहंकार कर लें, हमें मिलता वहीं है जिसके हम भागी होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति परिवर्तनशील है। यदि हम अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत रहते हैं तो सफलता अवश्य मिलती है। डॉ. आचार्य आज यहां स्थित आईकॉम सेंटर पर उनके आतिथ्य में आयोजित सम्मान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डॉ. आचार्य ने कहा कि सफलता हमें हमारे चश्मे से नहीं देखना चाहिए। कभी-कभी ऐसा होता है कि हम साधना किसी और की कर रहे होते हैं और सफलता किसी और क्षेत्र में मिल जाती है। लेकिन नियति हमें साधना या यूं कहें कि मेहनत का सफल अवश्य देती है। वर्तमान परिवेश में समाज में हो रहे नैतिक मूल्यों के पतन को लेकर उन्होंने आह्वान किया कि हमें कृष्ण-सुदामा जैसा भाव रखकर साधना करनी होगी तभी सफलता मिलेगी। ऐसी सफलता अवश्य ही समाज निर्माण में उपयोगी साबित होगी। डॉ. आचार्य ने कहा कि प्रकृति परिवर्तनशील है और बदलाव को मैं इस शर्त पर लेता हूं। कि कुएं का पानी बाल्टी में लें तो पानी वैसा ही आता है जैसा कुएं में था। मेरा मानना है कि समाज जब श्रेष्ठ तत्व में रहता है तो हर संस्थान में श्रेष्ठ रूप मिलेगा।

वैसा नहीं है तो कुएं के पानी को बाहर निकालकर जब शुद्ध कर लिया जाएगा तो पानी भी उतना ही शुद्ध होगा जितना कि बाहर निकाला गया। कहने का आशय यह है कि हमने अगर अपना आंगन बुहार लिया तो समझिए कि देश स्वच्छ व साफ हो जाएगा।

### विचार शक्ति के शक्तिपुंज हैं डॉ आचार्य- डॉ. केशव पाण्डेय

इससे पहले शहर के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ केशव पाण्डेय ने विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ राजकुमार आचार्य को विचार शक्ति का शक्तिपुंज बताया। डॉ आचार्य के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ पाण्डेय ने कहा कि वे न केवल शिक्षा जगत में ही अपितु समाज जीवन के हर क्षेत्र में समाज निर्माण के कार्य में अग्रसर रहते हैं। कई विश्वविद्यालयों महाविद्यालयों के कुलपति का दायित्व संभालने के बावजूद जल संरक्षण के क्षेत्र में समाज व लोगों को प्रकृति संरक्षण के लिए अलख जगा रहे हैं।

शिक्षा के ऐसे अग्रदूत का जीवाजी विश्वविद्यालय में कुलपति बनकर आना निश्चित रूप से न केपल विश्वविद्यलय का बल्कि छात्रों का भी हित होगा। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि उन्होंने महज 22 साल की उम्र में ही विश्वविद्यालय कार्यपरिषद का चुनाव जीता। विश्वविद्यालय व छात्रों के हित में अनेक कार्य सम्पन्न हुए। जिसके चलते मैं दूसरी फिर तीसरी बार चुनाव जीतता गया। डॉ. पाण्डेय ने अपने कार्य अनुभवों को साक्षी करते हुए कहा कि उस वक्त के डॉ. हर्षस्वरूप, डॉ. केके तिवारी, डॉ. गोविंद नारायण टंडन जैसे कुलपति कहा करते थे कि विश्वविद्यालय दीवारों, पेड़-पौधे या साजो-सामान से अच्छा नहीं बनता। अच्छा तो तब बनता है जब वहां के प्रोफेसर गुणवान हों। आचार्य जी उसी कड़ी के व्यक्तित्व हैं। वे निश्चित रूप से विश्वविद्यालय को सही दिशा में आगे ले जाएंगे। इससे पहले शहर के कई नामचीन संस्थानों के प्रतिनिधियों ने डॉ. आचार्य का पुष्पगुच्छ,शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न भेट कर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन महेश मुदगल ने किया व कार्यक्रम के अंत मे उपस्थित शहर के प्रबुद्धजन एवं गणमान्य व्यक्तियो का आभार आचार्य चंद्रशेखर ने किया।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954